दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर 3 | आंचलिक 4 | अभिव्यक्ति 6 | छत्तीसगढ़ 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2020/81503 जबलपुर, गुरूवार 28 सितम्बर 2023, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत-2080 वर्ष-3 अंक-276 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का रोडमेप तैयार करें: राष्ट्रपति मुर्मु

राष्ट्रपति इंदौर में हुए इंडियन स्मार्ट सिटी कान्क्लेव 2023 में शामिल हुई

मध्यप्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिलने पर बधाई

ब्रिलियेन्ट कन्वेशन सेंटर में जुटे नगरीय निकायों के प्रतिनिधि

भोपाल/नवप्रदेश। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शहरों और नागरिकों की जरुरत का आंकलन कर विकास का रोडमेप तैयार किया जाना चाहिये। जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुये उन्होने स्मार्ट शहरों में किये जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किये जाने की जरूरत है। शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें ब?ा योगदान है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने आज इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 में सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होने मध्यप्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदेश का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। उन्होंने आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना विशिष्ट स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। उन्होंने इंदौर के निवासियों, जन-प्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केन्द्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टेक होल्डर्स की सराहना की। राष्ट्रपति ने इंडिया स्मार्ट सिटीस अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 में मध्यप्रदेश द्वारा बेस्ट स्टेट का गौरव प्राप्त करने पर राज्य के सभी निवासियों, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य के सभी स्मार्ट शहरों में किए जा रहे कार्यों से जु? लोगों की सराहना भी की। साथ ही सर्वश्रेष्ठ केन्द्र शासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चंडीगढ़ और राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी बधाई दी।

राष्ट्रपति ने अलग-अलग श्रेणियों में 66 पुरस्कार विजेता स्मार्ट शहरों और राज्यों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी लगभग 46 करोड़ से ब?कर 87 करोड़ से अधिक हो जाएगी, तब हमारे 50 प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। भारत के शहर आज देश की जीडीपी में लगभग दो-तिहाई योगदान करते हैं। अनुमान है कि शहरों का जीडीपी को कुल योगदान वर्ष 2047 तक 80 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। इन आंक?ों से यह संदेश मिलता है कि शहरों और नगरवासियों की ब?ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का रोडमेप तैयार करना है और उस पर आगे ब?ना है। एक महत्वपूर्ण मुद्दा, जो प्रत्येक विषय पर तथा हर स्तर पर सतत विकास की चर्चा में शामिल है - वह है क्लाईमेट चेंज इस संदर्भ में क्लाईमेट स्मार्ट सिटीस असेसमेंट फ्रेमवर्क जो भारत के 100 स्मार्ट शहरों के लिए शुरू किया गया था, वह इस बात का उदाहरण है कि शहरों में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय स्तर पर कैसे कार्य किया जा सकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि शहरों में एनर्जी एफीसियेंसि के लिए ग्रीन बिल्डिंग्स तथा रिन्यूएबल एनर्जी पर जोर दिया जा रहा है लेकिन इन क्षेत्रो में और अधिक व्यापक स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में आगे ब?ना है। एसडीजी 11 का लक्ष्य है - मेक सिटीज एण्ड ह्यूमन सेटेलमेंट इन्क्लूसिव, सेफ, रिसाईलेंट एण्ड सस्टेनेबल - यह लक्ष्य शहरों के सम्पूर्ण और समावेशी विकास के महत्व को रेखांकित करता है।

राष्ट्रपति ने प्रसन्नता जाहिर की कि शहरी विकास में देश का समग्र निवेश पिछले दशक के दौरान, पहले की तुलना में 10 गुना से भी अधिक हो गया है। बेस्ट प्रेक्टिसेस को लागू करने और टिकाऊ बिजनेस मॉडल्स विकसित करने में स्मार्ट सिटीस मिशन का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। हाल ही में भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया है। अर्बन-20, जी-20 का एक सब ग्रुप था। अर्बन-20 ने शहरों के बीच जुड़ाव की एक स्थायी प्रथा स्थापित करने का प्रयास किया है। इसके माध्यम से एक सामूहिक संदेश भी दिया गया कि सतत विकास की प्राथमिकता को आगे बढ़ाने में शहरों के प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्व के बेस्ट मेनेज्ड शहरों की बेस्ट प्रेक्टिसेस, उनके बिजनेस मॉडल्स से हमें सीखना चाहिए और अपने सफल प्रयासों को भी अन्य देशों के साथ साझा करना चाहिए। लोकल और ग्लोबल स्तर पर सहयोग करना समग्र तथा सतत विकास के लिए आवश्यक है। सभी 100 स्मार्ट शहरों में इन्टीग्रेटेड कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर संचालित हैं, जो डेटा का उपयोग करके उस पर आधारित निर्णय ले रहे हैं। नागरिकों खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

सीसीटीवी सर्विलैंस कैमरे आज कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मदद कर रहे हैं। इन 100 स्मार्ट सिटीज में किए जा रहे प्रयास हमारे 4800 से अधिक कस्बों और शहरों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होंगे। पूरे देश में सुरक्षित, स्वच्छ, स्वस्थ नेबरहुड को विकसित करना है। कई स्मार्ट शहरों में ऐसा किया जा रहा है। इसके लिए आवश्यक है कि लोग खुद जिम्मेदार बनें और अपने शहर तथा निवासियों के प्रति अपने कर्तव्य को समझें। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि इंदौर, सूरत, कोहिमा, श्रीनगर और कई अन्य शहरों ने जन-भागीदारी द्वारा सुव्यवस्थित शहरीकरण के सफल उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि वाराणसी, गुवाहाटी, अहमदाबाद जैसी स्मार्ट शहरों में लैण्ड रिक्लेमेशन किया जा रहा है और नदियों के किनारे सार्वजनिक स्थान विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने सुझाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तरह स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षण संस्थान तथा बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। ऐसा करने **शेष पृष्ठ 5 पर**

आज बेबाक

विधायक को सांसद और सांसद को विधायक पद का प्रत्याशी बनाना हैरत की बात नहीं है। मध्यप्रदेश में सात सांसदों को जिन्में तीन केन्द्रीय मंत्रीय भी है भाजपा ने विधायक पद का प्रत्याशी बनाया है। थोक के भाव में इतने सांसदों को विधायक का टिकट देना संभवतः पहली बार हो रहा है। इसके चलते जिनकी टिकट कटी है वे बेचारे सोच में पड़ गए है कि कहीं उन्हें पार्षद पद का टिकट न थमा दिया जाए। ऐसे में जिन पार्षदों की टिकट कटेगी उन्हें पंचायत चुनाव लड़ना पड़ सकता है। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि यह दांव क्या रंगा लाएगा?

सीबीआई करेगी केजरीवाल के बंगला रिनोवेशन केस की जांच

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। जांच एजेंसी ने बुधवार (27 सितंबर) को केस दर्ज किया है। 12 मई को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने उनके बंगले और इसके कैम्पस में बने ऑफिस के रेनोवेशन को लेकर उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने बताया था कि बंगले पर 52.71 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसके बाद 18 जून को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने पीडब्ल्यूडी के 7 अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें 15 दिन के अंदर अपना जवाब देना था। आप की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने ये वीडियो शेयर कर कहा था कि केजरीवाल के पुराने बंगले की छत 3 बार गिर गई थी। इसलिए बंगले का रेनोवेशन जरूरी था।

30 को बिलासपुर आएंगे मोदी

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 सितंबर को बिलासपुर और तीन अक्टूबर को जगदलपुर आएंगे। चुनावी वर्ष में मोदी तीन महीने के भीतर प्रदेश में क्रमशः तीसरी व चौथी सभा लेंगे। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो प्रधानमंत्री का यह प्रवास छत्तीसगढ़ भाजपा के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है। एक तरफ दंतेवाड़ा से 12 सितंबर और जशपुर से 15 सितंबर को शुरू हुई भाजपा की परिवर्तन यात्रा से भाजपाइयों का मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं अब प्रधानमंत्री बिलासपुर में परिवर्तन यात्रा के समापन के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। मोदी मिशन-2023 के चुनावी रण में 90 विधानसभा सीटों पर जीत के लिए उनका हौसला बढ़ाएंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा संभाग बिलासपुर है। जहां आठ जिलों में 24 विधानसभा सीट आती हैं।

यूपी के दिग्गजों को बीजेपी ने एमपी में उतारा

पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा बोले-एमपी के विस चुनाव में कांग्रेस की जर्जर इमारत ढह जाएगी

भोपाल/नवप्रदेश। मप्र के विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने यूपी के दिग्गज नेताओं को उतार दिया है। उप्र बीजेपी के कई बड़े नेता मप्र के अलग-अलग इलाकों में चुनाव की कमान संभालेंगे। इनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष गंगवार, पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, लक्ष्मीकांत वाजपेई, दिनेश खटीक, सुरेश राणा भोपाल पहुंच गए हैं। उप्र के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी भी भोपाल पहुंचे हैं। पलाश होटल में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने बैठक ली।

बैठक में शामिल होने के पहले यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने कहा, संगठनात्मक कौशल है। बूथ से राष्ट्रीय स्तर तक का नेता नहीं कार्यकर्ता होता है। भाजपा कैडर बेस पार्टी है। इस नाते अपने कार्यकर्ताओं को जगह-जगह पर दायित्व सौंपती रहती है। हर व्यक्ति को यह पता है कि उसे क्या करना है। मप्र एक मॉडल स्टेट है। केन्द्र और राज्य का बेहतर समन्वय यहां पर देखने को मिला है।

दिनेश शर्मा ने कहा- जिस तरह से मोदी जी ने यहां नारी सशक्तिकरण के लिए महिला बिल पास किया है। उसका सबसे ज्यादा श्रेय मप्र को जाता है। लाडली लक्ष्मी योजना, सुकन्या योजना जैसी तमाम योजनाएं हैं। बल्कि गर्भधारण करते ही महिला को लखपति बना देती हैं। और यह अनूठा प्रयोग है कि जन्म से लेकर उसके विवाह तक, 18 साल के होने के बाद लाड़ली बहना योजना में उसकी व्यवस्था करना। ये जो महिलाओं के सशक्तिकरण की योजनाएं चल रहीं हैं। मैं समझता हूं कि मोदी जी की सरकार ने जो 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। ये भी उसकी एक कड़ी है। आधी आबादी महिलाओं की है। मप्र का इन्फ्रास्ट्रक्चर **शेष पृष्ठ 5 पर**

मोदी बोले- गुजरात को बदनाम करने की साजिश हुई

गोधरा की घटना और हिंसा के बाद एजेंडा चलाया गया, मैंने फिर भी राज्य को खड़ा किया

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अहमदाबाद साइंस सिटी में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20वें एनिवर्सरी प्रोग्राम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन में गुजरात का मुख्यमंत्री रहते आई चुनौतियों पर बात की। पीएम ने 2001 से पहले गुजरात में आए अकाल, फिर भूकंप और गोधरा ट्रेन की घटना और राज्य में फैली हिंसा के बाद के हालात की चर्चा की। उन्होंने कहा- तब कुछ लोग एजेंडा के तहत गुजरात को दुनिया में बदनाम करने की साजिश रच रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा- जब मैं गुजरात का सीएम था और राज्य विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहा था, तब केंद्र सरकार में बैठे लोग बुलाने पर भी नहीं आते थे। सीएम के तौर पर मेरा ज्यादा अनुभव नहीं था, लेकिन मेरा गुजरात और गुजरात के लोगों पर अटूट भरोसा था। मैंने सीएम रहते संकल्प लिया और इन चुनौतियों से राज्य को बाहर निकाला। पीएम ने कहा- 20 साल पहले हमने एक छोटा सा बीज बोया था आज वह इतना विशाल वट वृक्ष बन गया है। बरसों पहले मैंने कहा था कि वाइब्रेंट गुजरात सिर्फ ब्रांडिंग का आयोजन भर नहीं है बल्कि इससे बढ़ कर बॉन्डिंग का आयोजन है। यह बॉन्ड मेरे और गुजरात के 7 करोड़ नागरिकों और उनके सामर्थ्य के साथ जुड़ा हुआ है। मोदी ने कहा- 2001 में आए भीषण भूकंप से भी पहले गुजरात लंबे समय तक अकाल की स्थिति से **शेष पृष्ठ 5 पर**

शिलान्यास... राष्ट्रपति मुर्मु ने किया हाईकोर्ट एनेक्सी भवन का शिलान्यास

न्याय इतना महंगा न हो कि आम आदमी की पहुँच से दूर हो जाये - राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु

460 करोड़ की लागत से बनेगा अत्याधुनिक भवन

जबलपुर/भोपाल/नवप्रदेश। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने कहा है कि न्याय इतना मंहगा नही हो कि वह आम आदमी की पहुँच से दूर हो जाये। इसलिए सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिये संस्था और अधिवक्ताओं के समूह को आगे आना चाहिए।

राष्ट्रपति आज जबलपुर में 460 करोड़ की लागत से बनने वाले हाईकोर्ट भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रही थीं। ट्रिपल आईटीडीएम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि हाईकोर्ट का भवन 134 वर्ष पुराना है। तकनीकी रूप से हाईकोर्ट भवन को सर्वसुविधायुक्त और सक्षम बनाना समय की मांग है। मुर्मु ने कहा कि विवादों के वैकल्पिक समाधान सस्तें व सुलभ कैसे हो इस पर विचार करें। अदालतों में लंबित प्रकरणों के कारण तथा छोटे-मोटे अपराध के कारण जो जेल में बंद है उन पर विचार करें और पंच परमेश्वर की धारणा अनुसार विवादों का निपटारा करें। मध्यस्थता से विवादों के निपटारे को समाज में व्यापक समर्थन मिलता है। इससे लिटीगेशन भी कम होते हैं। न्याय पालिका में सरल, सुलभ व त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए।

मुर्मु ने कहा कि टेक्नालॉजी से आज देश प्रत्येक क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। न्याय क्षेत्र में भी प्रगति हुई है। इसमें ई-कोर्ट व्यवस्था विश्वसनीय साबित हुई है। न्याय प्रक्रिया को सुगम व सरल बनाने के लिये टेक्नालॉजी के प्रयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये पिछले सप्ताह संसद में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का अधिनियम पारित हुआ है। उन्होंने कहा कि न्याय क्षेत्र में भी महिलाओं की सामूहिक भागीदारी हो क्योंकि महिलाओं में न्याय का नैसर्गिक भाव होता है। न्याय में पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान का होना बहुत जरूरी है। वर्ष 1976 के एडीएम वर्सेज शिवकांत शुक्ला का एक प्रकरण का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि मौलिक अधिकारों के पक्ष में दिये निर्णय ने जबलपुर का नाम इतिहास में अमिट है।

हाईकोर्ट भवन के शिलान्यास के अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि कोर्ट न्याय का मंदिर होता है जहाँ निष्ठा के साथ लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत बनाया जाता है। उन्होने कहा कि भारत ही ऐसा देश है जहाँ निःशुल्क कानूनी सलाह की व्यवस्था है। सुराज का आधार न्याय ही होता है। अंग्रेजी के साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी निर्णय उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करें। जेलों में विचाराधीन व्यक्ति जो सामान्यतः गरीब परिवार के होते हैं उन्हें प्राथमिकता दें और कार्य संस्कृति और नवाचारों को आगे बढ़ायें। उन्होंने कहा कि पूर्ण सुविधायुक्त न्याय का मंदिर बने जहाँ कोई निर्दोष को दंड न मिले।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का संस्कारधानी के साथ न्यायधानी मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से स्वागत किया और कहा कि यह हर्ष का विषय है कि 134 वर्ष पुरानी भवन के साथ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के एनेक्सी भवन का शिलान्यास किया जा रहा है। भवन में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखा गया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का भरोसा न्याय तंत्र की व्यवस्था पर भी निर्भर करता है। न्याय तंत्र ठीक है तब लोकतंत्र में सुलभ, सुगम, समदर्शी, संवेदनशील और आसानी से शीघ्र न्याय मिलता है। यह लोकतंत्र का मूल है कि शीघ्रता से न्याय कैसे मिले। **शेष पृष्ठ 5 पर**

हिंद-प्रशांत शांति-स्थिरता की वह नींव जिसमें लाखों के सपने टिके : पांडेय

नई दिल्ली। हिंद-प्रशांत सेना प्रमुखों के सम्मेलन में सेना प्रमुख मनोज पांडे ने कहा कि इंडो-पैसिफिक में शांति और स्थिरता अमूर्त आदर्श नहीं हैं, बल्कि वे वह नींव हैं, जिस पर लाखों लोगों के सपने और आकांक्षाएं टिकी हुई हैं। भारतीय सेना इन आदर्शों के लिए प्रतिबद्ध है।

यहां मैं भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयानों को दोहराना चाहूंगा, जैसा कि उन्होंने कहा था , कि यह कहना कि खेल में हमारी पूरी ताकत है। मुझे लगता है कि आज यह सुनिश्चित करने में हमारे पास महत्वपूर्ण दांव हैं कि इंडो-पैसिफिक स्थिर है साथ ही यह सुरक्षित है, क्योंकि इसमें सहयोग और ध्यान सही चीज़ों पर दिया गया है।

इनपर दिया जाए ध्यान

उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय सुरक्षा गतिशीलता, चुनौतियों, चिंताओं और आकांक्षाओं पर सामूहिक दृष्टिकोण उन महत्वपूर्ण पहलुओं को सामने लाया है, जो प्रभावित करते हैं, योगदान देते हैं और अगर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता हासिल करनी है तो उन पर ध्यान देने की जरूरत है।

हमारे विचार-विमर्श के दौरान आप सभी ने जिस विश्वास को बढ़ावा दिया और निर्माण में मदद की, उसे मैं स्वीकार और उसकी सराहना करना चाहता हूं। हमने दावा किया है कि, हमारे भौगोलिक अलगाव के बावजूद, हम शांति और स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट हैं।

यूएस आर्मी पैसिफिक ने कही ये बात

इधर, दिल्ली में इंडो-पैसिफिक आर्मीज़ चीफ्स कॉन्क्लेव (आईपीएसीसी) में यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी पैसिफिक के कमांडिंग जनरल जनरल चार्ल्स ए फ्लिन ने कहा कि उनकी सेनाएं एक सुरक्षित और स्वतंत्र इंडो-पैसिफिक सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

शिवसेना ने विरोधी गुट के चार सांसदों को भेजा नोटिस

■ **महिला आरक्षण विधेयक की वोटिंग पर थे अनुपस्थित**

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने प्रतिद्वंद्वी चार लोकसभा सांसदों को नोटिस जारी किया है। सेना ने कहा कि उन्होंने पिछले सप्ताह महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा और मतदान के दौरान अनुपस्थित रहकर पार्टी व्हिप का उल्लंघन किया।

हालांकि, पिछले साल शिंदे के विद्रोह के बाद शिवसेना विभाजित हो गई, लेकिन सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के प्रति निष्ठा रखने वाले चार सांसद तकनीकी रूप से अभी भी संसद के निचले सदन में इसके सदस्य हैं।

विनायक राउत, राजन विचारे, ओमराजे निंबालकर और संजय जाधव को एक नोटिस में, शिवसेना के विधायक दल के नेता राहुल शेवाले ने कहा कि चार सांसदों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 विधेयक के पक्ष में मतदान करने के निर्देश के बावजूद पार्टी व्हिप का उल्लंघन किया।

14 सितंबर को आया था बुलावा

पार्टी ने 14 सितंबर को अपने सांसदों को 18 से 22 सितंबर तक संसद के विशेष सत्र के दौरान सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया था। वहीं मंगलवार को जारी नोटिस में कहा गया, 'विशेष सत्र के दौरान संसद से आपकी अनुपस्थिति ही राष्ट्रीय हित से संबंधित मामलों में आपकी गंभीरता को दर्शाती है'।

पिछले सप्ताह ही मिली थी मंजूरी

राज्यसभा ने पिछले सप्ताह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दे दी। इससे पहले इस बिल को लोकसभा में मंजूरी मिल गई थी।

साथ ही जब सेना (यूबीटी)

जयशंकर की दो टूक, निज्जर हत्या के सवाल पर बोले, आप गलत व्यक्ति से पूछ रहे हैं

■ **भारत और कनाडा समेत दुनिया के कई देशों में हो रही खालिस्तान पर चर्चा**



नई दिल्ली। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर को मारने का आरोप लगाया है। इससे दोनों देशों में तनाव पैदा हो गया है और इसका असर पूरी दुनिया पर देखने को मिल रहा है। खालिस्तान पर इस वक्त भारत और कनाडा समेत दुनिया के कई देशों में चर्चा हो रही है।

इस बीच भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में आयोजित 'काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसी दौरान एक पत्रकार ने एस जयशंकर से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के मारे जाने की उस खुफिया रिपोर्ट के बारे में पूछा जो द फाइव आईज में शेयर की गई थी। इस पर एस जयशंकर ने जवाब देते हुए कहा कि वह फाइव आईज का हिस्सा नहीं हैं, आप गलत व्यक्ति से पूछ रहे हैं।

एस जयशंकर ने कहा, मैं द फाइव आइज़ का हिस्सा नहीं हूं, मैं निश्चित रूप से एफबीआई का हिस्सा नहीं हूं। इसलिए मुझे लगता है कि आप गलत व्यक्ति से पूछ रहे हैं। इस बीच, 'फाइव आइज़' नेटवर्क एक खुफिया संगठन है जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड शामिल हैं। संगठन निगरानी-आधारित और सिग्नल इंटेलिजेंस दोनों है।

18 जून को, कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर दो अज्ञात बंदूकधारियों ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया। इससे दोनों देशों में तनाव पैदा हो गया है और इसका असर पूरी दुनिया पर देखने को मिल रहा है।

सीईपीसी : चीन ने पाकिस्तान को दिया झटका

बिजली, पानी और जलवायु मामले में सहयोग से किया इनकार

नई दिल्ली। चीन ने अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत ऊर्जा, जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने से इनकार कर दिया है। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने सीपीईसी की 11वीं संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) के हस्ताक्षरित ब्योरे के हवाले से खबर दी है कि नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर में कोयले से चलने वाला नया बिजली संयंत्र लगाने का विरोध भी छोड़ दिया और बीजिंग की चिंताओं को दूर करने के लिए चीन की कई मांगों पर सहमति जताई।

जेसीसी सीपीईसी की रणनीतिक निर्णय लेने वाली इकाई है और इसकी 11वीं बैठक पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली सरकार के जोर देने पर पिछले साल 27 अक्टूबर को डिजिटल माध्यम से हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, बैठक के मिनट्स पर लगभग एक साल बाद 31 जुलाई को चीनी उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे, जो दोनों पक्षों के विचारों के अंतर को उजागर करता है, जिसके कारण आम सहमति तक पहुंचने में इतनी बड़ी देरी हुई।

संपर्क किए जाने पर योजना मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच बैठकों के ब्योरे पर उचित विचार-विमर्श और आम सहमति बनने के बाद ही दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने की वैश्विक परंपरा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान द्वारा बीजिंग के साथ साझा किया गया अंतिम मसौदा और दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित अंतिम मिनट कई मायनों में अलग हैं। इसमें कहा गया है कि सीपीईसी के तहत ऊर्जा, जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर चीन की असहमति उन चुनौतियों को रेखांकित करती है जिनका सामना दोनों पक्ष आर्थिक संबंधों को गहरा करने में कर रहे हैं।

दक्षिण चीन सागर : फ्लोटिंग बैरियर हटाने पर बीजिंग की फिलीपींस को चेतावनी

कहा- उकसावे की कार्रवाई न करें

बीजिंग। विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस और चीन के बीच तनाव लगातार बढ़ है। दरअसल, बीजिंग ने फिलीपींस के मछली पकड़ने वाले जहाजों को रोकने के लिए फ्लोटिंग बैरियर लगाए हुए थे। फिलीपींस ने इन्हें हटा दिया। इसके बाद मंगलवार को बीजिंग ने मनीला को चेतावनी दी है कि वह उनके लिए परेशानी पैदा न करे।

फिलीपींस के तटरक्षक बल ने एक दिन पहले बताया था कि उसने चीनी नौकाओं द्वारा लगाए गए फ्लोटिंग बैरियर को हटा दिया है। तटरक्षक बल के एक अधिकारी ने बताया कि फिलीपींस के पोत के पहुंचने पर तीन चीनी तटरक्षक नौकाओं और एक समुद्री मिलिशिया सर्विस बोट ने बैरियर लगाया।

मनीला का कहना है कि चीन ने स्कारबोरो शोल में 300 मीटर बैरियर के साथ उसके मछली पकड़ने के अधिकारों का उल्लंघन किया है। चीन दक्षिण चीन सागर के 90 फीसदी से अधिक हिस्से पर दावा करता है और उसने 2012 में इस क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था।

मनीला की कार्रवाई पर एक सवाल के जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, हुआंगयान दाओ पर अपनी संप्रभुता और समुद्री अधिकारों और हितों की रक्षा करने का चीन का संकल्प अटल है। हम फिलीपींस से अपील करते हैं कि वे उकसावे की कार्रवाई न करें या परेशानी पैदा न करें। उन्होंने कहा, 'द्वीप और उसके आस-पास के जल क्षेत्र पर चीन की निर्विवाद संप्रभुता है और संबंधित जल क्षेत्र पर संप्रभु अधिकार और अधिकार क्षेत्र है।'

22 सितंबर को फिलीपींस के मत्स्य पालन और जलीय संसाधन ब्यूरो के एक जहाज ने चीन की अनुमति के बिना हुआंगयान दाओ के निकवर्ती जल क्षेत्र में घुसपैठ की और उसके लैगून में प्रवेश करने का प्रयास किया। वांग वेनबिन ने कहा, चीन के तट रक्षक ने फिलीपींस के जहाज को अवरुद्ध करने और भगाने के लिए जो जरूरी था वह किया। चीनी विदेश मंत्रालय प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने जो कदम उठाए वे पेशेवर और संयमित थे।

छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस पर हमला

कांस्टेबल को पत्थर-लातें मारकर किया घायल

महाराष्ट्र। मुंबई में एक 40 वर्षीय हिस्ट्री शीटर ने पुलिस पर हमला कर दिया। उसने पुलिस पर हमला तब किया, जब पुलिस उसे छेड़छाड़ के एक मामले में गिरफ्तार करने आई थी। खुफिया जानकारी के आधार पर बोरिबली पुलिस की एक टीम मंगलवार को रत्नाबाई चॉल में आरोपी महेश मोहन शेट्टी उर्फ कोलू को पकड़ने पहुंची थी।

गिरफ्तारी के दौरान आरोपी पुलिसवालों पर आक्रमक हो गया और उसने कॉन्स्टेबल स्वप्निल शरद पवार को लात मार दिया। इसके बाद उसने कॉन्स्टेबल पर पत्थर से वार भी किया। हालांकि, पुलिस आरोपी के ऊपर काबू पाने में कामयाब रही और उसे बोरिबली पुलिस स्टेशन लेकर आई।

आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 353 (लोक सेवक को उनके काम के दौरान रोकने और हमला करने) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उसके ऊपर इसके अलावा अन्य मामला भी दर्ज है, जिसमें अपहरण और यौन शोषण भी शामिल है।

सात करोड़ रुपये से अधिक कीमत की हेरोइन जब्त, तीन गिरफ्तार

गुवाहटी। असम के कछार जिले में बुधवार को सात करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त की गई है। साथ ही, तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक वाहन में कुछ लोग हेरोइन लेकर आ रहे हैं। सूचना पर तुरंत पुलिस सतर्क हो गई और सोनई शहर के काबुगंज में शक होने पर एक वाहन को रोककर जांच की गई। जांच करने पर साबुन के 27 डिब्बे बरामद किए, जिसमें 7.1 किलोग्राम हेरोइन छिपाकर रखी गई थी। उन्होंने कहा कि हेरोइन को बरामद कर लिया गया है। इसकी कीमत सात करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

फोर्ब्स की अंडर 30 सूची' में शामिल टेक सीईओ अपार्टमेंट में मृत मिलीं

सिर पर कई चोट के निशान

वाशिंगटन। अमेरिका में 26 साल की एक टेक सीईओ सोमवार को एक अपार्टमेंट में मृत पाई गई हैं। उनके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। बाल्टीमोर पुलिस विभाग (बीपीडी) ने बताया कि ईकोमैप टेक्नोलॉजीज कंपनी की सह संस्थापक पावा लापरे डाउनटाउन बाल्टीनोर अपार्टमेंट में मरी हुई मिलीं। इस मामले में एक 32 वर्षीय युवक पर शक है।

सोमवार सुबह मौत की जानकारी

पुलिस कमिश्नर रिचर्ड वॉर्ले ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वह जेसन डीन बिलिंगस्ले की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे जानकारी मिली थी। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। वहां, लापरे मृत मिलीं। जांच करने पर पाया कि उनके सिर पर कई चोट के निशान थे।

अधिकारी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आ पाएगी।

खतरनाक अपराधी हो सकता

रिचर्ड का कहना है कि जेसन खतरनाक अपराधी हो सकता है। उस पर फर्स्ट डिग्री हत्या, हमला, लापरवाही से खतरे में डालने और कई अन्य आरोप हैं। उसके पास हथियार भी हो सकता है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि आरोपी नुकसान पहुंचाने के लिए कुछ भी कर सकता है। वह मार भी सकता है और दुष्कर्म भी कर सकता है।

कंपनी ने जताया दुख

लापरे की टेक कंपनी ने मंगलवार को उनकी मौत की पुष्टि की है। वहीं, एक रिपोर्ट के अनुसार, लापरे को उनकी स्टार्टअप कंपनी के कारण इस साल सामाजिक प्रभाव के लिए फोर्ब्स की 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया गया था।

हमदानिया में शादी समारोह में लगी आग, 100 लोगों की मौत

बगदाद। उत्तरी इराक के हमदानिया शहर में एक शादी समारोह में आग लगने से करीब 100 लोगों की मौत तो वहीं 150 लोग घायल हो गए। निनेवेह प्रांत के स्वास्थ्य अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी। हमदानिया एक ईसाई शहर है जो मोसुल के पूर्व में स्थित है।

इस घटना में घायल हुए लोगों को हमदानिया के मुख्य अस्पताल में लाया गया, जहां रक्तदान के लिए दर्जनों की संख्या में लोग वहां इक्टठा हो रहे थे। कई लोगों को एक रेफ्रिजरेटेड ट्रक के दरवाजे पर कई काले बॉडी बैग को ले जाते हुए भी देखा गया। नागरिक सुरक्षा प्राधिकारी ने अपने एक बयान में बताया कि अत्यधिक ज्वलनशील और कम लागत वाली मिर्माण सामग्री के इस्तेमाल के कारण आग लगी और इस आग से छत का कुछ हिस्सा भी गिर गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शादी समारोह में आतिशबाजी का भी इस्तेमाल किया गया था, जिससे हॉल में आग लग गई। इराक में निर्माण और परिवहन क्षेत्रों में सुरक्षा के नाम पर अनदेखी की जाती है, जिस वजह से यहां अक्सर आग लगने की घटनाएं आती रहती है।

भारत-कनाडा विवाद : अमेरिका ने दोहराया अपना रुख

कहा- निष्पक्ष जांच की जरूरत, नई दिल्ली को सहयोग करना चाहिए

वॉशिंगटन। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर भारत और कनाडा के बीच जारी विवाद पर अमेरिका ने एक बार फिर बयान दिया है। कनाडा की ओर से भारत पर लगाए आरोपों को चिंता का विषय बताते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने अपना रुख दोहराते हुए कहा कि नई दिल्ली को जांच में सहयोग करने चाहिए।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि इस मामले में पूर्ण और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। मिलर ने कहा, हमने कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों पर गौर किया है। हम इससे काफी चिंतित हैं। हमें लगता है कि इन आरोपों की पूर्ण और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कनाडाई सरकार ने कहा है कि वह ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि भारत सरकार को इसमें सहयोग करना चाहिए।

भारत-कनाडा संबंधों और अमेरिका-भारत संबंधों पर इसके प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर मिलर ने कहा कि भारत अब भी अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है, लेकिन इस मामले पर अमेरिका नई दिल्ली से कनाडाई सरकार की जांच में सहयोग करने का अनुरोध कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा, हम कनाडा की स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं। हमने अपने कनाडाई समकक्षों के साथ घनिष्ठ रूप से सहयोग किया है। हमने भारत से इस जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है और हम ऐसा करना जारी रखेंगे। भारत अब भी अमेरिका का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हम कई मुद्दों पर भारत के साथ काम करते हैं, लेकिन निश्चित रूप से इस मामले पर हम उनसे कनाडाई जांच में सहयोग करने का आग्रह करते हैं।

बीते दिनों अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी कहा था कि वाशिंगटन कनाडा के आरोपों को लेकर काफी चिंतित है और इस मामले में जवाबदेही देखना चाहता है। ब्लिंकन ने कहा था कि अमेरिका ने सीधे तौर पर भारत सरकार से बातचीत की है।

भारत-कनाडा के बीच अच्छे संबंध का अमेरिका हिमायती

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका को भारत और कनाडा दोनों देशों की बराबर परवाह है। दोनों देशों के साथ अमेरिका के मजबूत रिश्ते हैं, साथ ही अमेरिका दोनों (भारत-कनाडा) के बीच अच्छे संबंधों का हिमायती है। नई दिल्ली में हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन (आईपीएसी) के सह-मेजबान के तौर पर मानेकशॉ केंद्र पर 30 देशों की सेनाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित करने के बाद उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए तय करना जरूरी है कि देशों की संप्रभुता और सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाए। इसके साथ ही हमारे रिश्तों की संभावनाओं को भी गंभीरता से लेना चाहिए।

कनाडाई राजदूत ने भारत पर बोला हमला

वहीं, संयुक्त राष्ट्र में कनाडा के राजदूत बॉब रे ने फिर परोक्ष रूप से भारत पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विदेशी दखल के कारण लोकतंत्र खतरे में पड़ जाते हैं और देशों के बीच के संबंधों के नियम राजनीतिक सुविधा से नहीं बदले जा सकते। उन्होंने कहा, इसके साथ ही जब हम समानता के महत्व पर बेहद जोर देते हैं तो हमें मुक्त और लोकतांत्रिक समाजों के मूल्यों को भी बनाए रखना चाहिए। यदि हम उन नियमों पर टिके नहीं रहे, जिनपर हम पहले सहमत हुए हैं तो हमारे मुक्त और खुले समाज का ताना-बाना बिखरने लगेगा।

पाक के सिंध प्रांत में बच्चों को मिला रॉकेट शेल

खिलौना समझ ले आए घर धमाके से आठ की मौत

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बुधवार को एक घर में रॉकेट लॉन्चर का शेल फटने से एक ही परिवार के चार बच्चों समेत कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई।

मामले की जांच जारी

काशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहिल खोसा ने बताया कि बच्चे मैदान में खेल रहे थे, तभी उन्हें एक रॉकेट शेल मिला, जिसे वे खिलौना समझकर घर ले आए। घर में बच्चे उससे खेल रहे थे, तभी वह फट गया। धमाके में परिवार के चार बच्चों, दो महिलाओं और एक पुरुष सहित आठ लोगों की जान चली गई। एसएसपी ने बताया कि सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। जांच जारी है।

गांव में रॉकेट लॉन्चर कैसे पहुंचा

खबर के अनुसार, सिंध के मुख्यमंत्री न्यायमूर्ति मकबूल बकर ने प्रांतीय महानिरीक्षक से इस मामले की रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में बताया जाए कि प्रांत के काशमोर जिले की कंधकोट तहसील के जांगी सुब्जवाई गोथ गांव में एक रॉकेट लॉन्चर कैसे पहुंचा।

उन्होंने पूछा है कि क्या कच्चे इलाकों में तस्करी कर लाए जा रहे हथियारों का कोई जखीरा था? क्या गोठ गांव में डकैतों को समर्थन करने वाले लोग मौजूद हैं? घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बकर ने महानिरीक्षक को घटना की विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

जुमले बाज भाजपा सरकार ने किया माँ नर्मदा से धोखा

शिवराज ने कहा एक बूंद भी मल जल नर्मदा में नहीं जा पाएंगा-झूठ निकला

कहा था नर्मदा अपनी सम्पत्ति की स्वयं स्वामिनी होगी - झूठ निकला

कहा था कि नर्मदा की रक्षा के लिए एक अधिकारी नियुक्त किया जाएगा एवं संस्था बनाई जाएगी - झूठ निकला

कहा था अवैध उत्खनन करने वाले जेल जाएंगे - झूठ निकला

नर्मदा मॉ को जीवन्त अधिकार प्राप्त होंगे - झूठ निकला

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश की सरकार ने सबसे ज्यादा झूठ और मिथ्या प्रचार प्रदेश की जनता से तो किया ही लेकिन प्रदेश की जीवन रेखा मां नर्मदा से भी जुमलेबाजी की।मां नर्मदा को धोखा दिया गया । मध्य प्रदेश की आत्मा और प्राण मां नर्मदा में बसते हैं। नर्मदा जी के कारण जीवन है,लहराते हुए खेत है भरपूर अन्न है ,भरपूर बिजली है ।इसीलिये भाजपा ने विधान सभा में नर्मदा जी को जीवंत अधिकार देने का बिल प्रस्तुत किया था जिसे सर्वसम्मति से 3मई 2017को पास किया गया।

नर्मदा जी को जो वादे इस बिल के माध्यम से किये । प्रदेश की जनता की नजर में जुमलावीर सिंह बन चुके मुख्यमंत्री और भाजपा ने मां नर्मदा को भी नहीं बख्शा उन्हें भी झूठी घोषणाओं के हार पहना दिए । नर्मदा सेवा सेना इस प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से आपके संज्ञान में यह लाना चाहती है कि वे

नर्मदा में भी झूठी.कसम उठा चुके हैं । नर्मदा जी के अंदर खड़े होकर पानी में कसमें खाने वालों के चेहरे पूरा प्रदेश जानता है।

आपको याद दिलाना चाहता हूं कि 3 मई 2017 को विधानसभा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी ने बिल के माध्यम से विधानसभा में नर्मदा जी को एक वैधानिक जीवंत नदी का दर्जा दिया था। नर्मदा जी के इस वैधानिक अधिकारों के संरक्षण विषय संकल्प पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा था कि नर्मदा जी सतपुड़ा और विंध्याचल के घने जंगलों से निकलती हैं। साल के वृक्ष बरसात का पानी अवशोषित करके रखते हैं एक बड़ा वृक्ष 50000 लीटर पानी को अवशेषित करके रखता है और बाद में आसपास की जमीन को गीला करने के लिए बूंद-बूंद करके छोड़ता है उसी से नर्मदा जी की धार बनती है। उसी से नर्मदा जी व्यापक हुई और इसीलिए नर्मदा जी के दोनों तटों पर व्यापक वृक्षारोपण होगा और वृक्षारोपण ही नदी संरक्षण का काम है यह वादा नर्मदा जी से किया गया था ।

नर्मदा सेवा सेना आज मुख्यमंत्री जी से सवाल करना चाहती है कि 6 वर्षों में मां नर्मदा के तट पर साल के कितने वृक्ष लगाए गए हैं।इनमें से कितने जीवित हैं इन वृक्षों को किन-किन नर्सरियों से खरीदा गया और किस-किस खसरा नंबर पर इन वृक्षों के वृक्षारोपण की कार्रवाई की गई।

मुख्यमंत्री जी ने विधानसभा को संबोधित करते हुए यह स्वीकार किया था कि 18 शहरों के सीवेज का पानी नर्मदा जी में जा रहा है उनमें से 11 शहरों के ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए टेंडर हो चुके हैं ।घोषणा की थी कि यह ट्रीटमेंट प्लांट नालों पर नहीं लगाएंगे हम सीवेज की नई लाइन डालकर नर्मदा जी की विपरीत दिशा में से ले जाएंगे वहां पानी को ट्रीट करेंगे शुद्ध करेंगे और शुद्ध किया हुआ जल किसानों के खेतों में दे देंगे, बाग बगीचों में दे देंगे ।

विधिक जानकारियों केसाथ हुआ राज्य स्तरीय कानूनी प्रशिक्षण का समापन

कार्यक्रम में दी गईं कई उपयोगी जानकारियां

मुरैना/नवप्रदेश। महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा के सहयोग से चलाई जा रही भूमि अधिकार परियोजना के क्रियान्वयन के तहत महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा में चल रहे राज्यस्तरीय कानूनी प्रशिक्षण का समापन विधिक जानकारियों पर परस्पर संवाद के साथ समापन हुआ। समापन के अवसर पर आश्रम के सचिव डॉ रन सिंह परमार जी ने कहा कि कल से जो कानूनी प्रशिक्षण चल रहा था उसमे गरीबों के हक अधिकार के लिए चल रहे कई कानून जैसे अनुसूचित जाति जनजाति कानून, रोजगार गारंटी कानून, वन अधिकार कानून आदि के साथ साथ संबल योजना आदि पर चर्चा के माध्यम से ऐडवोकेट साथियों ने विस्तार से जानकारी दी हे, यह जानकारी सभी के लिऐ मदद करेगी। ऐडवोकेट दिनेश सिकरवार, एडवोकेट गिर्राज प्रताप सिंह, एडवोकेट सतीश कुमार कुलश्रेष्ठ , एडवोकेट बलबीर सिंह कुशवाह, आदि ने प्रतिभागियों को कानूनी पहलुओं पर जानकारी दी।इस राज्य स्तरीय कानूनी प्रशिक्षण में आमंत्रित अभिभाषकगण का खादी ग्रामोद्योग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम में ए.डी.पी.ओ .आलोक उपाध्याय ने जिला निवाड़ी से ऑन लाइन जुड़कर प्रशिक्षणार्थियों को विधिक जानकारियां दी। इस कानूनी प्रशिक्षण का उद्देश्य उन सभी कानूनी बारीकियों को बताना था जिनकी वजह से इन्हें इनके अधिकार नहीं मिल पा रहे हे। गांधी आश्रम परिवार के वरिष्ठ श्री महेश दत्त मिश्र जी ने सामाजिक क्षेत्र के अपने अनुभवों को साझा किया। प्रशिक्षण में ग्वालियर, शिवपुरी और अशोक नगर के लोगों ने भाग लिया । कार्यकर्म में मुख्य रूप से समन्वयक रवींद्र सक्सेना, राज्य समन्वयक डोंगर शर्मा,गांधी आश्रम के प्रबंधक प्रफुल्ल श्रीवास्तव, कुलदीप तिवारी, दिलीप भाई आदि उपस्थित रहे।

संगीतमयी श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन

सबलगढ़ । सगीतमयीश्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन श्री राम मंदिर से कलश यात्रा निकालकर मुख्य मार्ग से होते हुए नेहरू डिग्री कॉलेज के पीछे कथा के यजमान परीक्षत श्रीमती शकुंतला देवी राम रतन श्रीवास राजेश श्रीवास प्रदेश अध्यक्ष भारतीयसेन सेना मध्य प्रदेश के निजनिवास पर पहुंची कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाओं ने अपनी भागीदारी दी कलश यात्रा के प्रथम दिन भागवताचार्य पंडित श्री ऋषि राज शुक्ल पहाडगढ वालों द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का महात्मका श्रवण कराया गया और प्रतिदिन कथा का वाचन समय दोपहर 12ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक भक्तों को प्रतिदिन कराया जा रहा है और प्रतिदिन प्रसाद का वितरण भी यजमान द्वारा किया जा रहा है यह संगीतमयिश्री भागवत कथा 20 सितंबर 23 से प्रारंभ हुई है जिसमे भक्तों एवं श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी जा रही है इस कथा का समापन एवं पूर्ण आहुति 26 सितंबर को होगी भागवत कथा के चौथे दिन भागवताचार्य श्री ऋषि राज शुक्ल जीने श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से कथा पंडाल में मनाया भागवता चार्य ने श्री कृष्ण भगवान के माखन चोरी की कथा सुनाई कथा सुनकर प्रभु भक्तिभाव विहोर हो गए भागवताचार्य श्री शुक्ल जी ने श्री कृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्री कृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे सब बैठकर पहले योजना बनाते किस गोपी के घर माखन की चोरी करनी है श्री कृष्ण माखन लेकरवाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बाटकर खाते थे भगवान बोले जिसके यहां चोरी की हो उसके द्वारा पर बैठकर माखन खाने में आनंद अलग ही होता है माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर प्रकार से श्रद्धालुओं को व्याख्यान समझाया।

शनि मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

मुरैना । मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसके लिये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना एवं पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, नगर निगम कमिश्नर श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, एसडीएम मुरैना सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि शनि मेले के लिये अभी से तैयारियां अधिकारी प्रारंभ कर दें, मेले में 6 पार्किंग स्थल चयनित किये गये है। श्रद्धालुओं की आने-जाने में कहीं कोई असुविधा न हो। मेले की जिस विभाग को जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेले में सीसीटीव्ही कैमरे एवं एलईडी का प्रबंध किया जाये। मेले की निगरानी के लिये ड्रोन भी चलाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग से लेकर ग्रामीण विकास, पीएचई, आरटीओ, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास एवं जनसम्पर्क विभाग अभी से प्रचार-प्रसार करना प्रारंभ कर दें। शिक्षा विभाग को व्हीआईपी पास विक्रय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सार-समाचार

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी 113 आवेदकों की समस्याएं

अशोकनगर/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से अपनी समस्याएं लेकर आने वाले आवेदकों की समस्याओं को सुना। आवेदकों द्वारा बताई गई समस्याओं के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को यथाशीघ्र समस्याओं के निराकरण के निर्देश मौके पर दिये गये। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं पर आधारित 113 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ,एसीईओ जिला पंचायत एनएस नरवरिया एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में खानपुर निवासी पानकुंवर आदिवासी द्वारा सोयावीन की फसल खराब होने पर मुआवजा राशि दिलाये जाने, छैघरा कालोनी अशोकनगर निवासी सलमाबानों द्वारा कर्मकारमण्डल योजनांतर्गत राशि दिलाये जाने, ग्राम ऑवरी निवासी विशोबाई कुशवाह द्वारा बीपीएल राशन कार्ड बनवाये जाने, ग्राम ऑवरी निवासी पुष्पाबाई द्वारा बीपीएल सूची में नाम जोडे जाने, ग्राम रूहाना निवासी दुरगसिंह द्वारा कम्प्यूरीकृत खसरे में नाम जोडे जाने, ग्राम रूहाना निवासी विनीता बाई द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में नाम जोडे जाने, अशोकनगर निवासी लक्ष्मी कुशवाह द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में नाम जोडे जोने ,ग्राम सीगोन निवासी गजेन्द्र सिंह धाकड़ द्वारा सोयाबीन की फसल क्षति होने पर मुआवजा राशि दिलाये जाने, ग्राम बडागांव निवासी सिरनाम अहिरवार द्वारा मत्स्य विभाग द्वारा अनुदान राशि दिलाये जाने संबंधी सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आवेदनों का निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

सरकारी स्कूलों में समय का पालन करने में शिक्षक बने हैं लापरवाह

सबलगढ़/नवप्रदेश। विकास खण्ड के अधिकांश सरकारी स्कूलों की शिक्षक-शिक्षिकाओं को समय का पालन करते नहीं देखा जा रहा है। एक तो शिक्षक समय से स्कूल नहीं पहुंचते हैं, वहीं समय से पहले छुट्टी कर घर चले जाते हैं। देर से आना और जल्दी जाना इन लोगो की आदत सी बन गई है। विद्यालयों में शिक्षकों के द्वारा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कितनी ईमानदारी से किया जाता हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। शिक्षकों में नियम का पालन करने को लेकर अधिकारी का कोई भय नहीं है। विद्यालयों को सुबह दस बजे से शाम 4ः30 बजे तक खोले रखने का निर्देश दिया गया है। जब स्कूल के स्थिति का पड़ताल किया गया तो देखा गया कि प्राथमिक विद्यालय खोह, प्राथमिक विद्यालय नंदू का पूरा, माद्यमिक विद्यालय पचेर, व अन्य विद्यालयों में 3ः00 से 3ः30 बजे के बीच ही छुट्टी कर स्कूलों में ताला लगाकर शिक्षक घर चले गए। स्कूल बंद होने का समय 5 बजे है शिक्षकों को समय को लेकर भी आपत्ति है। शिक्षकों को सुबह 10 बजे से पहले स्कूल पहुंचना है, मगर वह सुबह 11 बजे के बाद ही पहुंच रहे हैं। स्कूल में कक्षाएं भी नहीं लेते हैं सिर्फ गप्पे लड़ाते और मोबाइल चलाते नजर आते हैं। ऐसे में बच्चों के भविष्य का क्या होगा यह अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संदर्भ में सबलगढ़ बी आ सी को पत्रकारों ने वीडियो कॉल कर के स्कूल में डले ताले दिखाये वीडियो कॉल में साफ दिख रहा था स्कूल में ताले डाले दिखाई दे रहे थे बी आर सी माणिक चंद्र धाकड़ ने बताया कि लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि शिक्षकों के लेट लतीफे की कहानी कब खत्म होती है।

दुर्गा कॉलोनी में सजी खडग़ासन गणेश जी की झांकी

अशोकनगर/नवप्रदेश। जिलेभर में दस दिवसीय श्री गणेश महोत्सव उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर करीब एक सैकड़ा स्थान पर भगवान गणेश जी की आकर्षक झांकी सजाई गईं। दुर्गा कॉलोनी में भगवान गणेश जी की जो झांकी सजाई गई है उसमें गणेश प्रतिमा खडग़ासन रूप में है। खड़े हुए गणेश जी की यह प्रतिमा चतुर्भुजी है जिसमें गणेश जी हाथों में त्रिशूल, गदा और परशु लिए हुए हैं जबकि चौथे हाथ से भक्तों को आशीर्वाद दे रहे हैं। गणेश जी की यह विशालकाय प्रतिमा काफी आकर्षक एवं मनोहारी है। इस कारण सुबह-शाम आरती के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसके दर्शन के लिए आये।

दंगल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

चंदेरी/नवप्रदेश । चंदेरी तहसील अंतर्गत बजरंग अखाड़ा दिल्ली दरवाजा समिति के तत्वधान में विशाल महिला, पुरुष दंगल नया बस स्टैंड प्रांगण में आयोजित किया जाएगा, प्रतिवर्ष की भांति यह दंगल श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अठारहवां विशाल दंगल का सफल आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोरखपुर, पानीपत, भिंड, मुरैना ,झांसी, ग्वालियर, सिरोंज, सीहोर, रतलाम, भोपाल से महिला पुरुष पहलवान आ रहे है। विशाल दंगल में समिति द्वारा प्रथम पुरस्कार पन्द्रह हजार एक सौ इक्यावन, द्वितीय पुरस्कार दस हजार एक सौ पचपन, तथा तृतीय पुरस्कार चार हजार एक सौ इकतालीस रुपए रखा गया है। विशाल दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह चौहान,व भूपेंद्र सिंह चौहान सहित विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह बुंदेला, बीड़ी उद्योगपति अनिल रोकड़िया सहित मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

दिल्ली में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं अब ग्वालियर में भी हैं उपलब्ध

ग्वालियर/नवप्रदेश।

ग्वालियर के आमजन विशेषकर उन लोगों के लिए यह राहत की खबर है कुछ विशेष बीमारियों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते दिल्ली के बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, बता दें कि मैक्स हॉस्पिटल जोकि पटपड़गंज, नई दिल्ली मे स्थित है और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के चलते मरीजों के बीच खासा विश्वसनीय है। अब मैक्स हॉस्पिटल की न्यूरोसाइंस की ओपीडी ग्वालियर में शुरू की जा रही है जहां न्यूरो और रीड की हड्डी की समस्याओं से जूझ रहे हर उम्र के मरीजों को ग्वालियर में ही दिल्ली के विशेषज्ञों का परामर्श मिल सकेगा। हालांकि न्यूरो या स्पाइन सर्जरी में आने वाले खर्च के सवाल पर कहा गया कि मरीज की बीमारी के लेवल और उसकी शारीरिक स्थिति को की जांच के पश्चात ही कुछ कहा जा सकता है! दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल की ओपीडी सेवा हर महीने के चौथे मंगलवार को हॉस्पिटल रोड स्थित श्री डायग्नोस्टिक सेंटर के मैक्स पेशेंट असिस्टेंट सेंटर में सुबह 11.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

इनका कहना है

न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में हुई तरक्की ने अब बहुत कुछ आसान कर दिया है, अब इसमें खून बहुत कम बहता है और मरीज की रिकवरी भी जल्दी होती है। हमारा उद्देश्य है कि ग्वालियर वासियों को इन आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले इसी के चलते ग्वालियर में भी मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओपीडी प्रारंभ की जा रही है जहां मैक्स हॉस्पिटल के विशेषज्ञों का परामर्श मरीजों को मिल सकेगा।

डॉ मनीष गर्ग, सीनियर कंसलटेंट, न्यूरोसर्जरी, मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली

प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य से रोमांचित हो उठे देशभर से आए सुपरबाइक राइडर्स

भोपाल/नवप्रदेश। राष्ट्रीय उद्यानों के बीच से गुजरने के रोमांच, पचमढ़ी एवं तामिया के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हुए देशभर से आये 25 सुपरबाइक राइडर्स के सफर का समापन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका के रॉक शेल्टर्स पर हुआ। गत 20 सितंबर को भोपाल से निकले राइडर्स पचमढ़ी, सतधारा, तामिया पातालकोट, पेंच नेशनल पार्क, कान्हा नेशनल पार्क, बांधवगढ़ नेशनल पार्क, भेड़ाघाट होते हुए भीमबेटका पहुंचे। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिवशेखर शुक्ला ने राइडर्स को शुभकामनाएं दी है। लगभग 1400 कि.मी. का फासला तय करने वाले राइडर्स को भीमबेटका पर टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त संचालक डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। 'राइडर्स इन द वाइल्ड' को मस्टेच एस्केप्स द्वारा मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग

सिकल सेल रोग में होम्योपैथी दवाई कारगर

शासकीय होम्योपैथी चिकित्सालय और महाविद्यालय कर रहे हैं शोध

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह में पाये जाने वाले सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिये आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय होम्योपैथी चिकित्सालय और महाविद्यालय शोध कार्य कर रहे हैं। इन जनजाति समूह में रोग से बचाव के लिये होम्योपैथी दवाई कारगर साबित हो रही है। भोपाल के शासकीय होम्योपैथी अस्पताल ने जनजातीय क्षेत्रों में बैगा और भारिया समुदाय में शोध कार्य किया है। प्रदेश के 4 डिंडोरी, मंडला, छिन्दवाड़ा और शहडोल जिलों में इन समुदाय के 23 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग के बाद पॉजिटिव पाये गये चिन्हित मरीजों को होम्योपैथी दवाई दी गई। दवाई का यह प्रभाव रहा कि वे अब कम बीमार पड़ते हैं। जिन रोगियों को शरीर में दर्द और खून की कमी की शिकायत थी, वे अब अच्छा महसूस कर रहे हैं। अभी तक 8 हजार से अधिक रोगियों को होम्योपैथी दवाई दी जा चुकी है। जिन मरीजों में ब्लड ट्रांसफ्यूजन बार-बार होता था, उनमें भी कमी आई है। होम्योपैथी अस्पताल द्वारा सिकल सेल में शोध कार्य किया जा रहा है। इनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन, एम्स भोपाल, आईसीएमआर-एनआईआरटीएच जबलपुर लगातार सहयोग कर रहे हैं। अनुसंधान और रोगियों के इलाज के अलावा शासकीय होम्योपैथी अस्पताल द्वारा चिन्हित किये गये मरीजों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिलाया गया है।

तेल से भरा टैंकर पलटा, तेल लूटने टूट पड़े ग्रामीण ,पुलिस पहुंची तब भागे लोग

कोलारस/नवप्रदेश । कोलारस थाना क्षेत्र के पडोरा चौराहे के पास स्थिति गांधी पेट्रोल पंप के पास जहां आज एक गाय को बचाने के फेर में एक तेल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे पलट गया। इस मामले की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को लगी। ग्रामीण वहां जा पहुंचे और वहां ग्रामीणों ने तेल को लूटने की होड सी लग गई। इस मामले की सूचना पर थाना प्रभारी कोलारस जीतेन्द्र मावई मौके पर पहुंचे और पुलिस को देखने के बाद ग्रामीण वहां से भागे।इस हादसे में टैंकर का ड्रायवर घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार आज मंगलवार की सुबह गुना की ओर से पाम तेल से भरा टैंकर क्रमांक एमएच 46 एफ 3696 ग्वालियर की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांधी पेट्रोल पंप के पास गाय बचाने के फेर में टैंकर फोरलेन हाईवे से नीचे उतर कर पलट गया। टैंकर के पलट जाने से टैंकर में भरा पाम तेल फैलने लगा। तेल से भरे टैंकर की भनक लगते ही ग्रामीण तेल को भरने खाली बर्तन लेकर पहुंच गए लेकिन तब तक इसकी सूचना कोलारस थाना पुलिस को भी लग चुकी थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र मावई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को हटाकर तेल लूटने से बचाया। कोलारस थाना प्रभारी जितेंद्र मावई ने बताया कि तेल से भरा टैंकर आज सुबह 5 बजे पलट गया था।

गल्ला व्यापारी के गोदाम से चना की 30 बोरियां हुईं चोरी

कोलारस। कोलारस थाना क्षेत्र के मानीपुरा लाल पुलिया साया होटल के सामने गल्ला व्यापारी सोनू मोनू के गोदाम से चोरों ने लोडिंग के जरिए 30 बोरी चना चोरी कर लिया। उक्त माल को चोरी कर ले जा रही लोडिंग वहान कैमरे में कैद हो गई । पुलिस अब सीसीटीव्ही के आधार पर उक्त लोडिंग का पीछा कर रही है जानकारी के अनुसार गोदाम मालिक सोनू जैन ने बताया कि मेरा गोदाम मानीपुरा-लाल पुलिया के बीच साया होटल के सामने हैं। मेरे गोदाम पर चना किस्म जी5 का स्टॉक रखा हुआ था। 25 सितंबर की रात अज्ञात चोर मेरे गोदाम की दीवार फलांग कर गोदाम में प्रवेश कर गये फिर गोदाम के जीनों की मदद से चने के 30 कट्टे चोरी कर ले गए, चोरी वारदात में इस्तेमाल लोडिंग वाहन के आने और जाने का वीडियो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुआ है। सोनू जैन ने बताया कि प्रति चने के कट्टे का वजन 30 किलो था। चोरी की वारदात से उसे करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। इसकी शिकायत कला राजस्थानी ने दर्ज कराई गई है।

संपादकीय

संयुक्त राष्ट्र में एस जयशंकर की खरी-खरी

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा, चीन और पाकिस्तान तीनों को ही खरी-खरी सुना दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी देश की संप्रभूता का सम्मान किया जाना चाहिए। कनाडा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति के लिए आतंकवाद का सहारा नहीं लेना चाहिए। कनाडा के आरोप पर भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि यदि खालिस्तानी हरदिप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है तो कनाडा इसका सबुत दें। अन्यथा अनर्गल आरोप ना लगाए। गौरतलब है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने वहां की संसद को संबोधित करते हुए यह आरोप लगाया था कि हरदिप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ है। यहीं नहीं बल्कि उन्होंने कनाडा के भारतीय राजनयीक को भी निष्काषित कर दिया था। इसके जवाब में भारत ने भी कनाडा के राजनयिक को देश से बाहर निकाल दिया और कनाडा को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी थी कि वह अपने आरोप सिद्ध करें अन्यथा भारत इसका माकूल जवाब देंगा। भारत के कड़े रूक को देखकर जस्टिन ट्रूडो ने विश्व समुदाय से भारत के खिलाफ बयान जारी करने की गुजारिश की थी लेकिन अमेरिका सहित सभी देशों ने भारत के खिलाफ ऐसा कोई भी बयान देने से स्पष्ट इंकार कर दिया। इसके बाद जस्टिन ट्रूडो के सूर थोड़ा बदले और उन्होंने भारत के साथ बेहतर संबंधों की दुहाई भी दी। लेकिन खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ उन्होंने किसी भी तरह की कोई कार्रवाई के संकेत नहीं दिए है। इस बीच कनाडा में खालीस्थानियों ने प्रदर्शन भी किया। जिसे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई ने भी मदद मुहैय्या कराई। यहीं वजह है कि अब भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में खटास आ गई है और इसका क्योंकि भारत विरोधी गतिविधियों को कनाडा सरकार का समर्थन और प्रोत्साहन हासिल होने का खुलासा हो जाने के बाद अब कनाडा से अनेक वैश्विक कंपनियों ने अपना कारोबार समेटने का मन बना लिया है। यदि ऐसा हुआ तो कनाडा की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। बहरहाल भारतीय विदेश मंत्री एसजयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में कनाडा को आईना दिखा दिया है और इसी के साथ ही पड़ोसी देश पाकिस्तान व चीन को भी साफ संदेश दे दिया है कि वे भारत के आतंरिक मामलों में हस्ताक्षेप ना करें और आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा ना दें। यदि वे अपनी नापाक कोशिशों से बाज नहीं आएंगे तो भारत इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सक्षम है। अब देखना होगा कि संयुक्त राष्ट्र में भारतीय विदेश मंत्री की खरी-खरी सुनने के बाद कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का भारत के प्रति क्या रूख रहता है और वे खालीस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करते है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने भी कश्मीर का मुद्दा उठाया था उसका भी भारत ने सटिक जवाब दिया है। भारतीय विदेश मंत्री ने भी पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि वह जम्मू-कश्मीर में आंतकवाद की आग को हवा देने से बाज आए और कश्मीर राग अलाप कर भारत के आतंरिक ममालों में हस्तक्षेप ना करें। अन्यथा उसे इसके गंभीर दुष्परिणाम भूगतने पड़ेंगे। उन्होंने चीन की विस्तावादी सोच पर भी निशाना साधा और कहा कि चीन की इसी सोच के कारण भारत के साथ उसके संबंध सामान्य बन पा रहे हैं। यदि ये पड़ोसी देश भारत से बेहतर संबंध चाहते है तो इन्हें आतंकवाद और विस्तारवाद की नीति छोड़नी होगी। भारतीय विदेश मंत्री ने भारत में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन का भी अपने उद्बोधन में जिक्र किया। भारत पूरे विश्व को एक कुटुम्भ के रूप में देखता है और इसलिए भारत की पहल पर दक्षिण अफ्रिका के देशों को जी-20 में शामिल किया गया है। दुनिया को आतंकवाद से मुक्त करने के लिए पूरे विश्व समुदाय को एक होना पड़ेगा और जो भी देश राजनीति के लिए आतंकवाद को प्रशय देते है उन्हें अलग-थलग करना होगा तभी दुनिया को आतंकवाद से मुक्ति मिल पाएगी। उनका यह संकेत सीधे कनाडा की ओर था अब देखना होगा कि

शिक्षा व्यापार या साधना

डॉ. रामेश्वर मिश्र

वर्तमान समय में जीवन की गति आपा-धापी भरी उलझनों में निकली जा रही है, व्यक्ति को जीवन के नव निर्माण रूपी मूल्यों जैसे शिक्षा, संस्कार, संस्कृति को समझने का अवसर ही नही मिल रहा है। शिक्षा हमें मित्र से, शत्रु से, परिचित से अपरिचित से अभय बनाती है तो वहीं संस्कार एवं संस्कृति मानवीय परम्पराओं एवं मानवीय मूल्यों को सशक्त और दृढ़ बनाते हैं। आज वर्तमान में शिक्षा मानवीय मूल्य परक न होकर वरन उपाधि प्राप्त करने का माध्यम बन गयी है। शास्त्रों में विद्या के महत्व का उल्लेख करते हुए लिखा गया है कि-

विद्या नाम नरस्य कीर्तिरतुला भाग्यक्षये चाश्रयः
धेनुः कामदुधा रतिश्च विरहे नेत्रं तृतीयं च सा ।
सत्कारायतनं कुलस्य महिमा रत्नैर्विना भूषण्
तस्मादन्यमुपेक्ष्य सर्वविषयं विद्याधिकारं कुरु।।

जिसका अर्थ है-विद्या अनुपम कीर्ति है; भाग्य का नाश होने पर वह आश्रय देती है, कामधेनु है, विरह में रति समान है, तीसरा नेत्र है, सत्कार का मंदिर है, कुल-महिमा है, बगैर रत्न का आभूषण है; इसलिए अन्य सब विषयों को छोड़कर विद्या का अधिकारी बन। शिक्षा के इसी महत्व को भारत भूमि के महान विचारकों ने समझा और शिक्षा के महत्व के निहितार्थ को समझकर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश के अलग-अलग क्षेत्रों जैसे हिमांचल में स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना की, बंगाल में रवीन्द्र नाथ टैगोर ने विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना, ज्योतिबा फूले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय की तो उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने प्रथम कन्या विद्यालय की स्थापना की। इसके साथ ही गुजरात विद्यापीठ, बिहार विद्यापीठ, काशी विद्यापीठ, तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ और आंध्र प्रदेश पीठ जैसे अनेक उच्च शिक्षा केन्द्रों की स्थापना की गयी। इन विश्वविद्यालयों और पीठों की स्थापना का एक सार्वभौमिक उद्देश्य देश की आने वाली युवा पीढ़ियों में राष्ट्रीय भावना के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और शिक्षा का विकास करना था। राष्ट्रीय शिक्षा के महत्व को एनी बेसेंट ने उल्लेखित करते हुए कहा कि हमें अपने अतीत को आंख बन्द करके स्वीकार नही करना चाहिए, राष्ट्रीय शिक्षा को मातृभूमि के प्रति प्रेम पैदा करना चाहिए, गर्व और गौरवशाली देशभक्ति के माहौल में रहना चाहिए।

राष्ट्रीय शिक्षा के इसी महत्व को समझते हुए पंडित मदन मोहन मालवीय जी ने एक सर्व विद्या की राजधानी (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) की स्थापना का संकल्प लिया जिसे पूरा करने के लिए दान लेने से भी पीछे नही रहे। भारतीय परम्परा में शिक्षा की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए पंडित मदन मोहन मालवीय जी ने जो संकल्प लिया उसे पूर्ण करना आसान नही था, मालवीय जी ने भारतीय राष्ट्र के विकास तथा राष्ट्रीयता की भावना के लिए शिक्षा को महत्वपूर्ण समझा परन्तु यह कार्य इतना सरल नही था, इसके लिए कड़ी मेहनत और तपस्या की जरुरत थी जो सौभाग्य से मालवीय जी में ईश्वर प्रदत्त विद्यमान थी, उन्होने अपने मन मस्तिष्क में जिस शिक्षा व्यवस्था की कल्पना बैठा ली थी उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती धन की व्यवस्था करना था। इसके लिए महामना जी ने धन संग्रह करने का जिम्मा स्वयं उठाया और विश्वविद्यालय की स्थापना की साधना में जुट गए। उनकी साधना ही थी कि अंततः 1916 में विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी। आज भारतीय शिक्षा पटल पर महामना द्वारा स्थापित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की एक अलग पहचान है।

प्रारम्भ से लेकर आधुनिक भारत के स्वतंत्रता संघर्ष तक हमारे मनीषियों के लिए शिक्षा की व्यवस्था करना एक साधना ही थी जिसका लक्ष्य एक स्वस्थ भारतीय राष्ट्र का निर्माण करना था। आज बदलते भारतीय परिदृश्य में जहाँ सबसे आगे निकलने की होड़ लगी हुई है जिसमे मानवीय मूल्यों की आहूति एक सहज विषय हो गया है और जिसके मूल में केवल एक अन्तर्निहित तथ्य स्व की स्थापना है। ऐसे समय में अनेक निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही है और इन निजी विश्वविद्यालयों पर भारत की शिक्षा व्यवस्था की निर्भरता काफी अधिक हो गयी है। इसी को लेकर विश्वविद्यायल अनुदान आयोग एवं भारतीय शिक्षा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में बीते 23 सितम्बर को सेज (संजीव अग्रवाल ग्लोबल एजुकेशनल) विश्वविद्यालय, भोपाल के कुशल नेतृत्व में एक आनन्दशाला का आयोजन किया गया जिसमे देश भर के सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति, कुलपति, शिक्षक गणों ने भाग लिया। भारतीय शिक्षा मंडल के निर्धारित उद्देश्य भारतीय परम्परा में शिक्षा व्यवस्था एवं सबको समान शिक्षा के लक्ष्य को सेज विश्वविद्यालय ने बड़े उत्साह एवं सहजता से स्वीकार किया और यह आश्वस्त किया कि सेज विश्वविद्यालय अन्तिम पंक्ति में खड़े शिक्षा प्राप्ति के जिज्ञासु प्रत्येक छात्र तक पहुंचेगा और उन्हें शिक्षित करने का प्रयास करेगा। हमारे देश में विश्वविद्यालयों की एक भारी संख्या है लेकिन इन विश्वविद्यालयों की नैतिक जिम्मेदारी भारतीय परम्परा में शिक्षा व्यवस्था एवं भारतीय समाज के उत्थान के प्रति क्या है यह कह पाना एक गंभीर विषय है, परन्तु बदलते शिक्षा व्यवस्था के स्वरूप एवं व्यवसायीकरण के बीच सेज विश्वविद्यालय के मानवीय मूल्य भारतीय शिक्षा व्यवस्था में निहित साधना को रेखांकित करता है। सेज विश्वविद्यालय के मुख्य प्रबन्ध निदेशक इंजीनियर संजीव अग्रवाल जी के उद्देश्य, कुशल नेतृत्व क्षमता एवं मानवीय मूल्य परक भावनाओं ने सेज विश्वविद्यालय को मध्य भारत एवं मध्य प्रदेश में अलग एवं अग्रगामी बना दिया। मानवीय मूल्यपरक विचारों को विश्वविद्यालय के कार्यों में देखा जा सकता है। सेज विश्वविद्यालय में छात्रों को छोटे-छोटे समूहों में विभक्त किया गया है और उन छात्रों पर एक शिक्षक को बतौर अभिवावक नियुक्त किया गया है जिनको विश्वविद्यालय की तरफसे यह जिम्मेदारी मिली है कि वह अपने छात्रों की किसी भी समस्या का समाधान तुरन्त करे। बीमार पड़ने पर उन्हें उपचार हेतु ले जाये तथा छात्र के घर जाकर उसके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करें।

भारत की अमृत यात्रा: महिला नेतृत्व वाली यात्रा

जी किशन रेड्डी
उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री

महिला आरक्षण विधेयक एक आधुनिक समय के प्रतीक के रूप में उभरा है,जो इस सभ्यता में महिलाओं को दिए गए प्राचीन सम्मान और समानता को दर्शाता है। श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इस संशोधन विधेयक और कई अन्य पहलों के साथ, हम ऐतिहासिक दिशा में सुधार कर रहे हैं, एक ऐसी यात्रा जो भारत के मूल गौरव की ओर हमारे कदमों को सही मार्ग पर ले जा रही है ङ्कएक ऐसी भूमि जहां महिलाओं की आवाज़ सुनी जाती थी, उनकी भूमिकाओं का मान किया जाता था और उनके योगदान को महत्व दिया जाता था। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मोदीजी द्वारा पेश महिला आरक्षण विधेयक को लगभग सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस तरह 22 साल की अड़चनों को दूर करना एक तरह से स्वयं विघ्नहर्ता का आशीर्वाद ही है, जिन्होंने माता पार्वती को उन्हें बनाने, उनका पोषण करने और उनकी रक्षा करने के लिए शत-शत प्रणाम किया था। इसके साथ, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने लैंगिक समानता और मांभारती को सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया, और 150करोड़ भारतीयों की लोकप्रिय भावना 'मोदी है तो मुमकिन है' मेरे मन में फिर से गूंज उठी!

जैसे ही ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन अधिनियम संसद में पेश किया गया, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसके पारित होने को सांसदों के लिए अग्नि परीक्षा कहा। यह वास्तव में अग्नि परीक्षा हैः समानता और संतुलन के आधार पर भारत के पारंपरिक गौरव को बहाल करने के लिए अग्नि परीक्षा; अग्निपरीक्षा उस सर्वोच्च स्थान को पुनः प्राप्त करने के लिए जिसका लाभ प्राचीन काल से महिलाओं को मिलता आया है; और राजनीतिक गलतफहमियों से ऊपर उठकर नारी शक्ति के लिए एक साथ खड़े होने के लिए अग्नि परीक्षा। आधुनिक लोकतांत्रिक भारत के मंदिर,संसद कोअर्धनारीश्वर की भावना का प्रतीक होना चाहिए,जो महिलाओं के लिए समानता और पूर्ण संतुलन का परिचायक है।

लैंगिक असमानता और अन्याय से जूझ रही दुनिया में, भारत महिलाओं के प्रति ऐतिहासिक श्रद्धा के प्रतीक के रूप में स्थित है। सदियों से, भारतीय संस्कृति ने महिलाओं को शक्ति के अवतार का रूप दिया है तथा विदुषियों, वीरांगनाओं, रानियों और नेताओं के रूप में उनकी अपार क्षमता को पहचाना है।आध्यात्मिक क्षेत्र में भी महिलाओं को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रकट करने वाली त्रिदेवी के रूपमें सम्मानित किया जाता है।चाहे विदुषियों द्वारा रचित मंत्रों/ श्लोंकों सहित वेदों एवं उपनिषदों जैसे प्राचीन ग्रंथों की रचना हो या प्रारंभिक सभ्यताएं हों या चाहे वीरांगना रानियों द्वारा अपने राज्यों को जीत और समृद्धि की ओर अग्रसर करना हो, महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन भारत में महिलाएं न केवल शिक्षित थीं बल्कि दार्शनिक चर्चाओं और धार्मिक समारोहों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। भारत ने गार्गी, लोपामुद्रा और मैत्रेयी जैसी प्रसिद्ध दार्शनिकों और विदुषिओं, वीरांगना रानी पद्मिनी, रानी दुर्गावती, रानी रुद्रमादेवी, रानी अहिल्याबाई होल्कर और ऐसी कई महान महिलाओं का मान बढ़ाया है। आधुनिक दुनिया ने सदियों पहले ही उन्हें मतदान का अधिकार भी दे दिया था।

रामायण और महाभारत में सीता माता, द्रौपदी और कुंती जैसी दृढ़ प्रतिज्ञ व प्रभावशाली महिलाओं को दर्शाया गया है, जिन्होंने इन महाकाव्यों की गाथाओं और घटनाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं के प्रतिसम्मान पारिवारिक परिवेश में उनकी भूमिकाओं तक भी फैला हुआ है। वह ÷सह धर्मचारिणी÷ है, जिसका अर्थ है कि वह गृहस्थ धर्म में एक समान भागीदार है, जहां वे अपने पति के साथ, घर का नेतृत्व करती रही हैं, सभ्यता को धर्म के मार्ग पर ले जाती हैं। यह अनोखी बात है कि सनातन धर्म में शक्ति की परंपरा के तहत दिव्यस्त्री के प्रति विशेष आस्था मिलती है,जिसे शक्ति या दिव्य मां के रूप में दर्शाया गया है। इन सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिध्वनित करते हुए, एक संस्कृत उद्धरण में महिलाओं की भूमिका को समाज के वास्तुकार के रूप में सुंदरता से व्यक्त किया गया हैः

'नारीसमाजस्य कुशलवास्तुकारः'

उल्लेखनीय है कि भारतीय समाज में नारी का बहुत श्रद्धा और सम्मान का स्थान रहा है। यह ऐसी परंपरा है, जो अनगिनत पीढ़ियों से चली आ रही है। हालांकि,पिछले कुछ वर्षों में, बार-बार होने वाले हमलों ने हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं में निहित इस स्त्री महत्व को खत्म कर दिया है।

नतीजतन, आधुनिक भारत में, राजनीतिक प्रतिबद्धता और पहल की कमी के कारण विधायिकाओं (संघ और राज्य दोनों) में महिलाओं का प्रतिनिधित्व स्पष्ट रूप से पिछड़ गया है। 2014 के बाद से, मोदीजी ने भारत की लैंगिक समानता को फिर से व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया है। इसकी शुरुआत महिला विकास को महिला-नेतृत्व वाले विकास के मिशन में बदलने के साथ हुई। भारत की विकास यात्रा के मूल में ÷नारी शक्ति÷ को रखा गया है। चाहे महिलाओं को उनके सशक्तीकरण में सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को दूर करने में सहायता करना हो या यह सुनिश्चित करना हो कि वे मजबूती से आगे बढ़ें, इसके लिए एक ऐसी ईको-प्रणाली विकसित की जा रही है, जहां भारत की 50 प्रतिशत आबादी यानी महिलाओं को अपनी क्षमता को पूरी तरह से प्रकट करने के समान अवसर मिलते हैं।

खंड-खंड में कल्याणकारी उपायों वाले पिछले व्यवहारों के विपरीत,सरकार ने, 2014 के बाद, एक महिला के जीवनचक्र और जरूरतों के कई चरणों में नीतिगत हस्तक्षेप द्वारा एक रणनीतिक जीवनचक्र दृष्टिकोण अपनाया। उनमें से सबसे बुनियादी बात यह सुनिश्चित करना है कि महिलाएं सम्मान और सुरक्षा का जीवन जिएं। उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ धुआं-मुक्त रसोई की रचना की गई,जिसने न केवल लाखों महिलाओं को जीवनयापन में आसानी प्रदान की है,बल्कि उन्हें सांस की बीमारियों से भी बचाया है। इसके अलावा स्वच्छ भारत योजना के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाये गये,जिसने महिलाओं को अपने घरों में शौचालयों तक सुरक्षित और सम्मानजनक पहुंच प्रदान की, सुरक्षा के बारे में चिंताओं को दूर किया और उनकी गरिमा को संरक्षित किया। इसी तरह जलजीवन मिशन के तहत 12करोड़ कनेक्शनों द्वारा नल से जल उपलब्ध कराया गया। इन सभी उपायों ने महिलाओं को कठिन परिश्रम और दुष्कर जीवनसे छुटकारा दिलाया है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि दशकों से अनदेखा सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए सदियों पुरानी सामाजिक बेड़ियों को तोड़ दिया गया।

चाहे वह महिलाओं की विवाह योग्य आयु को 18वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करना हो, मातृत्व अवकाश की अवधि को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना हो, या तीन तलाक की अनुचित प्रथा पर प्रतिबंध लगाना हो। इसी तरह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन पूरे जोर-शोर से चलाया गया। लड़कियों के विरुद्ध घृणित सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ अभियान, और परिणामस्वरूप, एनएफएचएस-5 द्वारा 1,020 महिलाओं (प्रति 1000 पुरुषों) के सकारात्मक लिंग अनुपात की जानकारी इसकी एक बानगी है। वास्तव में,मोदीजी नारी शक्ति के साथ खड़े रहे हैं, क्योंकि यह शक्ति के अवतार के रूप में अपनी श्रेष्ठता दोबारा प्राप्त करने के लिए दृढ़ है। जैसा कि स्पष्ट है, मोदी जी के महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण के तहत महिलाओं को जन्म से ही मिलने वाली चुनौतियों के समाधान को रखा गया है। इसके लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण के रूप में अपनाया गया हैः पोषण, स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, करियर और रोजगार, पारिवारिक और मातृ जीवन, राष्ट्र की सेवा और नेतृत्व की भूमिका निभाना। महिला आरक्षण विधेयक उन इरादों पर दी गई शक्ति की मुहर है, एक शंखनाद है कि शक्ति जाग उठी है और हमारे महान राष्ट्र की बागडोर संभालने के लिए तैयार है।

(लेखक माननीय केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री हैं।)

आज का इतिहास

1837 - अंतिम मुग़ल बादशाह बहादुर शाह द्वितीय ने दिल्ली का शासन संभाला। 1838 - बहादुरशाह ज़फ़र भारत में मुग़लों का अंतिम सम्राट, अपने पिता की मृत्यु के बाद सिंहासन पर बैठा। 1887 - चीन के ह्वांग-हो नदी में बाढ़ से करीब 15 लाख लोग मरे। 1923 - इथोपिया ने राष्ट्र संघ की सदस्यता छोड़ी। 1928 - अमेरिका ने चीन की राष्ट्रवादी च्यांग काई-शेक की सरकार को मान्यता दी। 1950 - इंडोनेशिया संयुक्त राष्ट्र का 60 वां सदस्य बना। 1958 - फ्रांस में संविधान लागू हुआ। 1994 - एतोमिया के जल पोत के तुर्क सागर में डूब जाने से 800 लोगों की मृत्यु। 1997 - अमेरिकी अंतरिक्ष शटल अटलांटिक रूसी अंतरिक्ष केन्द्र 'मीर' से जुड़ा। 2000 - सिडनी ओलम्पिक में 200 मीटर की दौड़ के स्वर्ण पदक का ख़िताब मोरियाना जोंस तथा केंटेरिस ने जीता। 2001 - अमेरिका व ब्रिटिश सेना एवं सहयोगियों ने 'ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम' प्रारम्भ किया। 2003 - यान रूस की धरती पर सुरक्षित उतरा।

आज का पंचांग (शुक्रवार, 28 सितम्बर)

सूर्योदयः06:21,सूर्यास्तः 06:16, चन्द्रोदयः17:03, चन्द्रास्तः 04:36, अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास भाद्रपद , पक्ष शुक्ल , तिथि चतुर्दशी, नक्षत्र शतभिषा, योग धृति (07:54 से शूल), प्रथम करण कौलव (12:03 तक), द्वितीय करण तैतिल (22:18 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य कन्या, चंद्र-कुम्भ, मंगल कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध-सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र-कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष , केतु तुला।

शुभ यात्रा दिशा

पश्चिम-दक्षिण (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण -आज जन्मे शिशुओ का नाम शतभिषा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय तृतीय, एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (गो, सा, सि, सू) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

QUIZ TIME

1) कुतुबुद्दीन ऐबक का लोकप्रिय नाम क्या था?

2) कन्दरिया मन्दिर कहाँ स्थित है?

3) हाल ही में किस देश ने अपने मूल कुत्ते की नस्ल चांगख्यी की रक्षा के लिए संरक्षण केंद्र का उद्घाटन किया है?

4) शतरंज किस देश का राष्ट्रीय खेल है?

5) मुक्तिबोध उपनाम से जाने जाते है

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) नाज़ बख़्श (2) खजुराहो (मध्यप्रदेश) (3) भूटान (4) रूस ,प्रांस और स्पेन (5) गजानन माधव

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-अधिकांश समय लापरवाही करेंगे। प्रातः काल यात्रा की योजना बनेगी लेकिन अकस्मात अन्य कार्य आने से निरस्त हो सकती है।

वृष-आज परिस्थितिया संध्या तक विषम रहेंगी इसके बाद ही थोड़ी राहत अनुभव करेंगे। दिन का आरंभ बेचैनी भरा रहेगा।

मिथुन-आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाओं का उदय होगा। पूजा पाठ धार्मिक यात्रा के लिये उपस्थित रहेंगे।

कर्क-आज के दिन आपको स्वास्थ्य एवं अन्य घरेलू समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। दिन के आरंभिक और अंतिम भाग को छोड़ शेष में मानसिक उलझने लगी रहेंगी।

सिंह-आज का दिन उठा पटक वाला रहेगा आज आप जिस कार्य से लाभ की उम्मीद लगाए रहेंगे उसे छोड़ कोई अन्य काम लाभ दिलाएगा।

कन्या-आज का दिन मिला-जुला फल देगा कभी प्रसन्न तो कभी उत्साहहीनता बनेगी। व्यवसायी वर्ग आज प्रातः काल से ही धन की उगाही को लेकर चिंतित रहेंगे।

तुला-आज का दिन भले बुरे का ज्ञान होने के बाद भी आप अपने असंतोषी आचरण से खराब करेंगे। परिस्थितियां अधिकांश समय आपके निर्णय के विपरीत रहेंगी।

वृश्चिक-आपका व्यवहार उद्दंड रहेगा। स्वभाव में भी कुछ कठोरता एवं रूखापन आपसी संबंधों को तो खराब करेगा।

धनु-कार्यो में समय नष्ट होगा जिससे अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएंगे। आज घर के बुजुर्ग अथवा वरिष्ठ नागरिको को सलाह की अनदेखी ना करें वरना बाद में पछताना पड़ेगा।

मकर-आज का दिन संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा जो लोग आपसे नजदीकी बनाये हुए है वो आपकी बेतुकी बातो से दूरी बना सकते है।

कुंभ-शुभ प्रसंग बनने से उत्साहित रहेंगे लेकिन आज अपने काम से काम रखें कही सुनी बातो पर ध्यान दिया तो किसी ना किसी से गरमा गरमी अवश्य होगी।

मीन-आज के दिन आपको परिश्रम का फल ना मिलने से गुस्सा आएगा। दिन का प्रथम हिस्सा तो शांति से व्यतीत करेंगें।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -199

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. ईकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 198 का हल

भू	कं	प		फा	य	दा		स
प		ल	ला	ट		य	ती	म
ति	ल	क		क	न	क		झ
	क्ष				रे			
ग	ण	क		सं	श	य		सौ
ह		या	च	क		म	न	त
रा	क्ष	स		र	क्ष	क		न
	त्रि				मि			
शा	य	री		का	त	र		गो

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले की पत्रकार वार्ता

चंद्रयान से चंद्रमा की तस्वीर मिल सकती हैं, लेकिन शिवराज जी को सूखे खेतों की तस्वीर नहीं मिल पा रही

सोयाबीन के 40 लाख से अधिक किसानों को शिवराज निर्मित आपदा ने बर्बाद किया

आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे किसान

सोयाबीन के किसानों पर मौसम की तिहरी मार-पहले सूखा,

फिर की?ा लगा और उसके बाद अतिवृष्टि ने तबाह की फसल

पूरे प्रदेश में आंदोलन कर रहे किसान लेकिन मुआवजा देने की जगह इवेंट में उलझे मुख्यमंत्री

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में सोयाबीन का उत्पादन करने वाले किसान गंभीर कृषि संकट से जूझ रहे हैं। एक महीने पहले तक स्थिति यह थी कि प्रदेश को 50 साल के सबसे बड़े सूखे का सामना करना पड़ रहा था, जिसके कारण सोयाबीन की फसल सूख रही थी। उसके बाद ईश्वर की कृपा से बारिश आई, लेकिन उसके तुरंत बाद फसल में कीड़ा लग गया। इस समय स्थिति यह है कि मध्य प्रदेश में 53 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में जो सोयाबीन की फसल लगाई है गई है वह पूरी तरह से बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। इससे परेशान किसान सरकार से लगातार मांग कर रहा है की फसल नष्ट होने का सर्वेक्षण किया जाए और तत्काल मुआवजा और राहत राशि का वितरण किया जाए। लेकिन मुआवजा देना तो दूर अब तक शिवराज सरकार ने फसल को हुए नुकसान का सर्वेक्षण भी नहीं कराया है जिसके चलते किसान आंदोलन करने को विवश है।

मध्य प्रदेश के विदिशा, सीहोर, खरगोन, खंडवा, नर्मदापुरम, इंदौर, धार, रतलाम, उज्जैन, हरदा, बैतूल और मंदसौर जिला में मुख्य रूप से किसान सोयाबीन की खेती करते हैं। इन सभी जिलों के 40 लाख से अधिक किसान सोयाबीन नष्ट होने से परेशान है। खंडवा जिले के बुराडिया गांव में 20 सितंबर 2023 को आदिवासी किसान पंढरी भील ने फसल खराब देखकर अपने खेत में ही आत्महत्या कर ली। अगर सरकार ने शीघ्र ही किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया और उन्हें तत्काल मुआवजा नहीं दिया तो अन्य किसानों के लिए भी खेती के साथ जीवन का संकट खड़ा हो जाएगा। पीयूष बबेले ने कहा कि किसानों पर आई यह आपदा सिर्फ आसमानी नहीं है बल्कि सुल्तानी भी है। मध्य प्रदेश के स्वघोषित सुल्तान शिवराज सिंह चौहान ने अपने 18 साल के कार्यकाल में ऐसी नीतियां बनाई हैं जिससे सोयाबीन का किसान हर तरफ से मार खा रहा है। तीन साल पहले तक मध्य प्रदेश सोयाबीन उत्पादन में नंबर वन राज्य हुआ करता था लेकिन शिवराज सिंह चौहान की सरकार में मध्य प्रदेश का यह तमगा चला गया है। आज महाराष्ट्र देश में सबसे अधिक सोयाबीन उत्पादन करने वाला राज्य बन गया है। मध्य प्रदेश न सिर्फ सोयाबीन के प्रति हेक्टेयर उत्पादन में महाराष्ट्र से पीछे है, बल्कि अब तो सोयाबीन की फसल उगाने वाले रकबे के मामले में भी मध्य प्रदेश महाराष्ट्र से पीछे हो गया है। वर्ष 2017-18 तक जहां मध्य प्रदेश में सोयाबीन का 53.68 प्रतिशत रकबा हुआ करता था वही रकबा 2021-22 में घटकर 39.83 प्रतिशत रह गया। स्थिति यह है की मध्य प्रदेश में सामान्य स्थिति में जहां प्रति हेक्टेयर 11 से 11.30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर सोयाबीन का उत्पादन होता है, वहीं महाराष्ट्र में 14 से 15 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक सोयाबीन का उत्पादन होता है। अगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलना करें तो फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार अमेरिका में प्रति हेक्टेयर 35 क्विंटल सोयाबीन का उत्पादन होता है, जबकि मध्य प्रदेश में सिर्फ 11 क्विंटल सोयाबीन का उत्पादन होता है।

बेटमा में निकला झिलमिलाती झांकियों का कारवां, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

बेटमा/नवप्रदेश। डोल ग्यारस पर नगर में माहौल धर्ममय था विभिन्न समाजों द्वारा निकाले जाने वाले डोल, अखाड़े एवं नयनाभिराम झांकियां को श्रद्धालु देखते रहे। बेटमा में निकलने वाले डोल को देखने के लिए नगर सहित आसपास के गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बेटमा पहुंचते हैं। शाम होते ही बेटमा की सड़कें दूधिया रोशनी से प्रकाशित हो जाती है कुशवाहा समाज की झांकी में पंडित प्रदीप मिश्रा को शिवमहापुराण कथा सुनाते व भगवान शंकर का जलाभिषेक करते हुए दिखाया गया था। बेटमा नगर परिषद की झांकी में भगवान शंकर द्वारा गणेशजी के द्वारपाल बनने व उनके द्वारा अंदर प्रवेश नही करने पर सर को अलग एवं उनके स्थान पर गज का मुख लगाने का

दृश्य दर्शाया गया था जबकि राजबाड़ा नवयुवक मित्र मंडल शिव तांडव का रूप दिखाया तो कुमरावत तंबोली समाज की झांकी में भगवान कृष्ण भक्तों को झूला झूलते हुए दिखाया गया था। झांकियां के पूर्व विभिन्न समाजों के डोल शाम होते ही अपने-अपने मंदिरों से निकलकर सामूहिक रूप से गलगौया पहुंचे जहां सामूहिक रूप से आरती की गई आरती के बाद अखाड़े के कलाकार हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए सड़कों पर आए। गणेश मलखंब ने बड़े ट्रॉले पर हैरतअंगेज प्रदर्शन कर सबकी वाह वाह बटोरी तो वही कुशवाह नवयुवक मंडल द्वारा पंजाब से सिख दल ने आंखों पर पट्टी बांध कर नारियल फोड़ने, लड़को के शरीर पर केले के टुकड़े करने, विभिन्न करतब करते हुए एक अलग ही अनूठा प्रदर्शन किया। रात को झांकियां का कारवाँ मुख्य सड़क पर आया जो देर रात तक चलता रहा।

आदिवासी कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ विस्तार,बबिता भिलाला की हुई नियुक्ति

पचौर/नवप्रदेश। श्रीमती चंदा सरवटे प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया है आपको ज्ञात हो की प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आदेश अनुसार आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चंदा सरवटे ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करते हुए प्रदेश बॉडी में राजगढ़ जिले से आदिवासी कांग्रेस प्रदेश सचिव के लिए श्रीमती विनीता भिलाला एवं आदिवासी कांग्रेस प्रदेश महामंत्री के पद पर श्रीमती सीमा भिलाला(पचोर) को नियुक्त किया है । आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजगढ़ के

लिए बबीता भिलाला ग्राम-जेतपुरा को बनाया है द्य प्रदेश अध्यक्ष चंदा सरवटे ने कहां की हमें कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करना है, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे , श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस शिव राव मोधै राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामु टेकाम के हाथ मजबूत करना है एवं कांग्रेस पार्टी को प्रदेश में लाना है आज वर्तमान बीजेपी शासन में चारों तरफ बेरोजगारी, भ्रष्टाचारी चरम सीमा पर पहुंच गई है आए दिन

सार संक्षिप्त

जुआ, सट्टा अवैध शराब कारोबार अवैध करोबार चरम पर

मण्डला/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध में नियंत्रण के लिए ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जा रहा है जिसके तहत अवैध,शराब जुआ , सट्टा के कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही भी की जा रही है,परंतु महाराजपुर थाना के कारीकौन में खुलेआम अवैध शराब घर घर महुए की साथ ही किराना दुकानों में देशी अंग्रेजी शराब बेधड़क बेची जा रही है तो गंजी सट्टा का कारोबार भी तेजी से चल रहा है कुछ सटोरिए घूम घूम के सट्टा लिख रहे हैं तो कुछ लोग अपनी दुकान के आड़ में सट्टा लिख रहे हैं यहां तक की अवैध कैरम क्लब भी कारीकोन में संचालित है।ऐसा नहीं है की पुलिस को इन अवैध कारोबार की जानकारी नहीं, अगर पुलिस को इनकी जानकारी नही है तो बड़े शर्म की बात है आखिर पुलिस के मुखबिर तंत्र भी है क्या मुखबिर शराब सट्टा की जानकारी नहीं रखते या जानकारी होने के बाद भी अपने उच्च अधिकारियों को इन कारोबारियों के जानकारी नहीं दे रहे हैं? यह विचारणीय है। नए थाना प्रभारी और स्टाफ के आने से बढ़ रहे अपराध पूर्व में जो थाना प्रभारी रहे उस समय कुछ कंट्रोल रहा लेकिन नए थाना प्रभारी के आने के बाद से अपराध में इजाफा हो गया है हो सकता है नए थाना प्रभारी को इन सभी अवैध कारोबार की जानकारी न हो लेकिन जिस तरह से महाराजपुर के करीकोन में शराब सट्टा चल रहा है चिंता का विषय है जरूरत इन पर कार्यवाही जरूरी हो गया है सट्टा एवम अवैध शराब कारोबारियों के संबंध में जब महाराजपुर थाना प्रभारी से बात की गई तो उनके द्वारा यह कहा गया कि स्टॉफ को और आगे जानकारी दे दी गई है।

वीआईपी रोड पर अज्ञात कार ने युवक को रौंदा, मौत

भोपाल/नवप्रदेश। वीआईपी रोड पर करबला के पास अज्ञात तेज रफ्तार कार ने किसान को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। युवक अपनी सोयाबीन की फसल बेचकर सीहोर स्थित पड़ियाला गांव से शाहपुरा स्थित घर जा रहा था। मामले में कोहेफिजा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार की सुबह शव को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

गांव से लौटते समय हुआ हादसा

प्रीतम सिंह अहिरवार (45) पुत्र प्यारेलाल अहिरवार शाहपुरा मस्जिद के पास स्वयं के मकान में परिवार के साथ रहता था। उसके बड़े बेटे करण ने बताया कि हम मूल रूप से सीहोर जिले के पड़ियाला गांव के रहने वाले हैं। बीते कई सालों से भोपाल में शाहपुरा इलाके में स्थित शाहपुरा मस्जिद के पास निजी निवास में रह रहे हैं। पिता प्रीतम सिंह अहिरवार खेती किसानी के अलावा मिस्त्री का काम भी करते हैं।

फसल की रकम लेकर लौट रहे थे प्रीतम

करण का कहना है कि पिता प्रीतम सिंह अहिरवार मंगलवार की सुबह गांव के लिए अपनी सीडी डिलक्स बाइक से गए थे। वहां से शाम के समय लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे उनकी बाइक को वीआईपी रोड पर करबला के पास किसी अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कोहेफिजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया था। उनकी जेब में फसल बेचकर मिली रकम थी। जिसे सुरक्षित पुलिस ने लौटा दिया है। करण ने बताया कि परिवार में उनके अलावा छोटे भाई राजा और यश हैं। मैं घर का सबसे बड़ा बेटा हूं, लिहाजा पिछले दिनों ने पिता ने मुझे दादा-दादी को तीर्थ दर्शन कराने के लिए उनके साथ भेजा था। यात्रा से मैं और दादा-दादी मंगलवार की सुबह ही लौटे हैं। शाम को पिता की मौत की खबर पुलिस ने दी।

उदय चौक के राजा गणेश की महाआरती में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

मण्डला/नवप्रदेश । नगर में जगह-जगह भगवान गणपति जी की मूर्ति विराजमान है एवं जयकारों से गणेशोत्सव की धूम मची हुई है, सम्पूर्ण मंडला नगरी में धर्ममय माहौल हो गया है, इसी तारतम्य में उदय चौक का राजा गणेशोत्सव समिति उदय चौक मंडला के द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया यह आयोजन प्रति वर्ष डोल ग्यारस के दिन होता है । जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्त जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की, महाआरती में भगवान गणपति से सम्पूर्ण भारत वर्ष की सुख समृद्धि के लिए कामना की गयी ,समिति के द्वारा रोजाना विविध आयोजन किये जा रहे हैं इसी तारतम्य में डोल ग्यारस के दिन महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चों के साथ साथ डॉ सलोनी सिडाना जिला कलेक्टर मण्डला, रजत सकलेचा पुलिस अधीक्षक मण्डला, शफीक खान मण्डला टीआई, अधिवक्ता गण एवम सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने राजा जी की महा आरती की साथ ही श्री गणेश भगवान की आराधना की और एक स्वर में जयकारा लागये, इस दौरान स्पार्कल आतिशबाजी भी की गई जो कि मनमोहक रही, महाआरती के दौरान सिद्धिविनायक को विविध प्रसादी का भोग लगाया गया।

मतदान केंद्रों में नहीं बेसिक सुविधाएं: ढाई हजार मतदान केंद्रों में लाइट नहीं, 3200 में रैम्प बनने की रिपोर्ट नहीं आई

भोपाल/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने की तैयारी है लेकिन प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों में जहां मतदान केंद्र बनाए गए हैं वहां लाइट की सुविधा नहीं है। ऐसे स्कूलों की संख्या ढाई हजार से अधिक है। साथ ही 3200 से अधिक स्कूलों में रैम्प नहीं बनाए गए हैं। इसकी जानकारी सामने आने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र लिखकर स्कूलों में जल्द रैम्प बनवाने, विद्युतीकरण, फर्नीचर व्यवस्था की एक्शन की रिपोर्ट देने को कहा है ताकि चुनाव आयोग को रिपोर्ट दी जा सके।

अगले माह दूसरे सप्ताह में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता लागू करने वाला है। इसके बाद नवम्बर में चुनाव के लिए वोटिंग कराने की तैयारी है। इसी को देखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शासन से चुनावी व्यवस्थाओं की रिपोर्ट मांगी तो पता चला कि 65 हजार से अधिक बूथ तय होने के बाद 3265 स्कूलों में रैम्प, 2285 स्कूलों में महिला और पुरुष शौचालय बनाने का काम नहीं हो सका है। इन स्कूलों में यह सुविधा मतदान केंद्र बनाए जाने के चलते तत्काल सुलभ कराने के निर्देश हैं। इसी तरह प्रदेश के 2725 स्कूलों में फर्नीचर की कमी है तो 2623 स्कूल ऐसे हैं जहां मतदान केंद्र तय कर दिए गए हैं लेकिन वहां बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

कलेक्टरों को यह निर्देश दिए आरएसके ने

राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) के संचालक धनराजू एस ने आयोग द्वारा मांगी गई जानकारी के बाद कलेक्टरों को पत्र लिखकर कहा है कि मतदान केंद्र बनने वाले स्कूलों में आधार भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शाला प्रबंधन को जारी एकीकृत निधि का उपयोग लघु और सामान्य रखरखाव के लिए किया जा सकता है। सभी प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में कम्पोजिट स्कूल ग्रांट की डीजी गवर्नमेंट पोर्टल में राज्यस्तर से लिमिट भी जारी की जा चुकी है। इसके आधार पर राशि का उपयोग सुविधाएं तैयार करने में किया जा सकता है। कलेक्टरों से कहा गया है कि मतदान केंद्र बनने वाले स्कूलों सुविधाओं की पूर्ति के लिए टाइम लिमिट मीटिंग में हर सप्ताह रिपोर्ट लें ताकि यह साफ हो सके कि किस स्कूल में बिजली सप्लाई कितने स्कूलों में रैंप बनाने का काम हुआ है और कितने में बाकी है। जिन स्कूलों में फर्नीचर की कमी है उसके लिए क्या इंतजाम किए गए हैं ताकि चुनाव के समय मतदान दलों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बिजली संकट के चलते चुनाव की मतदान प्रक्रिया प्रभावित नहीं होने पाए। चुनाव आयोग ने जिन भवनों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं वहां तक आने जाने के लिए सड़क और परिवहन सुविधाओं की जानकारी मांगने के साथ वहां दूरसंचार सुविधा की भी रिपोर्ट मांगी है। इसके लिए फाइनल रिहर्सल करने और केंद्रों में विजिट कर एक्चुअल रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। प्रदेश के कई जिलों में सीमावर्ती इलाकों में अभी भी इस तरह की बेसिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं और ऐसे में चुनाव पर असर पड़ना तय

प्रथम पृष्ठ का शेष

न्याय इतना महंगा न हो कि आम

श्री चौहान ने कहा कि भवन निर्माण में 460 करोड़ रूपये से भी ज्यादा लगते हैं तो उसकी चिंता न करें। जल्दी न्याय दिलाने के लिये ऑनलाईन जैसी नई व्यवस्था पर उन्होंने जोर दिया। साथ ही कहा कि मध्यप्रदेश में लोक अदालत की स्वस्थ परंपरा रही है जिससे आपसी सुलह से न्याय मिल जाता है। इस दिशा में भी प्रभावी कदम उठाने को कहा। उन्होंने 89 ब्लॉकों में पेसा कानून के अंतर्गत शांति व विवाद निवारण समिति में आपसी विवादों के शानदार निपटारे का जिक्र करते हुये पंच परमेश्वर की धारणा को बताया। उन्होंने कोर्ट में लंबित प्रकरणों की संख्या कम करने और मासूमों पर हो रहे दुराचार पर सख्ती से कार्रवाई करने पर जोर दिया। शिलान्यास समारोह में मुख्य न्यायाधिपति श्री रवि मलिमठ ने हाईकोर्ट एनेक्सी नई बिल्डिंग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि मध्यप्रदेश मेरा राज्य है और मैं चाहता हूँ की न्याय दिलाने की पद्धति यहाँ सबसे अच्छी हो। उन्होंने उपस्थित हाईकोर्ट परिवार से कहा कि इसके लिये हर घड़ी, हर पल मेहनत करना पड़ेगा ताकि भविष्य में अच्छा परिणाम देखने को मिले।

यूपी के दिग्गजों को

जिस तरह से ठीक हुआ है। मप्र में सुशासन की व्यवस्था देखने को मिली है। इससे कह सकता हूं कि बीजेपी की सरकार पिछले से कई गुना बहुमत से आएगी।

इस चुनाव में ढह जाएगी कांग्रेस की जर्जर इमारत

दिनेश शर्मा ने बडे नेताओं को उतारे जाने पर कहा- कांग्रेस डरी हुई है। ये उनका अस्तित्व का ये आखिरी चुनाव है। ये जो सौ साल पुरानी कांग्रेस की जर्जर ऐतिहासिक इमारत है। वो इस विधानसभा चुनाव में ढह जाएगी। वो लोकसभा चुनाव में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करती हुई दिखाई देगी। मैं कह सकता हू कि देश में मोदी की बयार है और मप्र के विधानसभा चुनाव में बीजेपी का तूफान चलेगा। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा, आप सभी लोग देश के अलग-अलग कोने से आए कार्यकर्ता हैं। बैठक के बाद सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी जाएगी। कांग्रेस को चारों खाने चित करने का प्लान है। बाहर से आए नेताओं के सहयोग से ऐतिहासिक जीत होगी। कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर शर्मा ने कहा, कैलाशजी ने कहा है मैं तो काम में लगा था। सरकार बनाने के लिए दिन-रात एक करना है। कैलाशजी ने नही कहा कि चुनाव लड़ना नहीं चाहता। संगठन में जो नेतृत्व काम देता है, वह सोच समझकर काम देता है। संगठन का निर्णय सभी स्वीकार करते हैं।

मोदी बोले- गुजरात को बदनाम

जूझ रहा था। भूकंप से लाखों लोग प्रभावित हुए। इस बीच एक और गोधरा की हृदयविदारक घटना हुई और उसके बाद गुजरात हिंसा की आग में जल उठा। मोदी ने कहा- जो लोग एजेंडा लेकर चलते थे वे उस समय भी घटनाओं का अपने तरीके से आंकलन करने में जुटे हुए थे। कहा गया कि गुजरात से युवा, व्यापारी, उद्योग सब पलायन कर जाएंगे। दुनिया में गुजरात को बदनाम करने की साजिश रची गई। कहा गया गुजरात कभी अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाएगा। ष्टरूके तौर पर मेरा ज्यादा अनुभव नहीं था, लेकिन मेरा गुजरात और गुजरात के लोगों पर अटूट भरोसा था। मोदी ने कहा- आज मुझे स्वामी विवेकानंद की बात याद आ रही है। हर काम को तीन चरणों से गुजरना पड़ता है, पहले लोग इसका उपहास उड़ातें है, फिर विरोध करते हैं, बाद में उसे स्वीकार कर लेते हैं। बशर्ते उसका आइडिया समय से पहले का हो। उस समय मैं पहली बार विधायक बना था। शासन चलाने का अनुभव नहीं था। उस संकट में मैंने संकल्प लिया कि चाहे परिस्थितियां जैसी भी हो गुजरात को इससे बाहर निकालकर रहूंगा।

शहरों और नगरवासियों की बढ़ती

से शहरों पर दबाव कम होगा और ग्रामीण क्षेत्र की जनता का जीवन भी बेहतर होगा। देश के विभिन्न शहरों से इस कार्यक्रम के साथ जु? मेयर्स एण्ड म्युनिसिपल कमिश्नर्स से उन्होंने आग्रह किया कि आप सब लोग निरंतर नए विश्वास और नई ऊर्जा के साथ आगे ब?। इस कान्क्लेव में साझा किए गए सफल प्रयासों की जानकारी का उपयोग आप सब अपने-अपने शहरों में करेंगे। ऐसा करके आप सब इस आयोजन को और अधिक सार्थक बनाएंगे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य और यहाँ के पाँच शहरों को 10 पुरस्कार मिलना हम सबको गौरवान्वित कर रहा है। मध्यप्रदेश विकास के नये आयाम ग? रहा है। विकास का नया मॉडल, जो कि भविष्य की जरुरतों को देखकर बनाया गया है, सपनों को हकीकत में बदलने का काम कर रहा है। यहाँ समावेशी विकास का अभूतपूर्व प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों को एकजुट होकर आत्मनिर्भर शहर और मध्यप्रदेश के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम सब गौरवान्वित हैं कि मध्यप्रदेश को देश में सर्वश्रेष्ठ राज्य होने का तमगा हासिल हुआ है। प्रदेश की जनता इसके लिये बधाई की पात्र है। पुरस्कृत स्मार्ट शहरों और उनके नागरिकों को भी बधाई। मध्यप्रदेश विकास की दिशा में नये आयाम तय कर रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन में राज्य में सपनों को हकीकत में बदलने का काम किया गया है। उन्होंने इंदौर को सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी अवार्ड मिलने पर कहा कि सपनों का और सफाई का सिरमौर इंदौर हर दौर में अव्वल रहने का आदी है। यहाँ जो भी आता हैं यहीं का होकर रह जाता है। यहाँ के लोग सभी को दिल से अपनाते हैं। यहाँ के नागरिकों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता मिशन की शुरूआत की। समूचे देश ने उनका साथ दिया। हमनें भी मध्यप्रदेश में शहर-शहर जाकर नागरिकों से संवाद किया और इसे जन-आन्दोलन बनाया। यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन का प्रतीक है स्मार्ट सिटी मिशन। मिशन की गति उल्लेखनीय है। इसके तहत देश के 100 शहरों का चयन किया गया। इसमें से इंदौर जो कि स्वच्छता में 6 बार स्मार्ट सिटी मिशन के तहत वेस्ट मैनेजमेंट कार्बन क्रेडिट, पब्लिक स्पेस के विकास के क्षेत्र में किए काम के कारण समूचे देश के लिये मॉडल शहर बन चुका है। इसी तरह मध्यप्रदेश को बेस्ट स्टेट का पुरस्कार मिला है। यहाँ के निवासी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह मिशन और अधिक गति पक?गा और इसे देश के बचे हिस्सों तक भी पहुँचाने की योजना है।

मंजीत रात्रे प्रदेश समन्वयक बने

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस में मंजीत रात्रे को प्रदेश समन्वयक की जिमेदारी दी गई।

अनुसूचित जाति वर्ग के सभी नागरिकों को सशक्तिकरण कर कांग्रेस की विचारधारा से उनके हित को प्रमुखता से रखने और देश संविधान के अनुरूप अनुसूचित जाति के हर एक कार्यो को विकसित करने की गठजोड़ जिम्मेदारी मंजीत रात्रे को दी गई। श्री रात्रे ने इस दायित्व के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश मारकंडे सभी को प्रत्यक्ष और आत्मीयता से आभार प्रकट किया है। उन्होने निष्ठा के साथ छत्तीसगढ़ और मुंगेली विधानसभा के सभी साथियों को प्रेम सहित आगे चलकर कार्य करने की बात कही।

एनएसएस के छात्रों मनाया स्थापना दिवस

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य विजय कुमार सोनी, कार्यक्रम अधिकारी मोनू बेलदार ने मां सरस्वती, युग पुरूष स्वामी विवेकानंद के समक्ष माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने भाषण, कविता, गीत, लक्ष्यगीत की प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के प्राचार्य ने स्वयं सेवकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सदैव समाज के लिए स्वयं सेवी निस्वार्थ कार्य करेंगे एवं उच्च आदर्श प्रस्तुत करेंगे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी एवं स्वयं सेवकों को कर्तव्य बोध के साथ समाज के प्रति दायित्व निर्वहन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस के दलनायक के द्वारा आभार प्रगट किया गया।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रपति के दत्तकपुत्र विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति व्यवस्थापन के कार्य में महाघोटाला एवं जिले के विभिन्न जन समस्याओं को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा 26 सितंबर को महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञात हो कि लोरमी वनांचल क्षेत्र के बैगा आदिवासियों द्वारा जिला मुख्यालय पहुच लगभग 2 करोड 41 लाख रू के घोटाले को लेकर दिये गये ज्ञापन में प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही होते देख आक्रोशित बैगा आदिवासियों ने आगामी 26 सितंबर को उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। भष्ट्राचार पर आज तक प्रशासन ने कार्यवाही नहीं किए जाने एव लोरमी वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत जितने भी वनग्राम में बसे मूलनिवासी है उन्हें वन अधिकार पट्टा दिये जाने साथ ही चंदियामांठा से डिण्डौरी तक मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत सड़क निर्माण किया जाने,बिजराकछार ग्राम से माचामाहा तक मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना अंतर्गत पक्की सड़क निर्माण करानें,भूतकछार से सरगढ़ी तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़क बनाये जाने,अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराये जाने सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ केन्द्र एवं स्कूल कालेज एवं नदियों में पूल निर्माण कराने,शा. प्राथ. शाला सरगढ़ी के शाला भवन नदी पटाव के कगार पर है तत्काल व्यवस्थित किये जाने का ज्ञापन सौपा गया ज्ञापन सौपने वालो में गोगपा राष्ट्रीय प्रवक्ता,गोगपा प्रदेश अध्यक्ष महा. सचिव,प्रदेश महासचिव,जिलाध्यक्ष गोंगपा मुंगेली,ब्लॉक अध्यक्ष गोंगपा मुंगेली,जिला सचिव गोंगपा मुंगेली,अन्य गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता सदस्य गण लोरमी, मुंगेली पथरिया के मातृशक्ति उपस्थित रहें ।

पोषण आहार की दी गई जानकारी

जांजगीर/नवप्रदेश। विकास खंड बम्हनीडीह संकुल सेमरिया के अंर्तगत शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल सेमरिया मे प्रधान पाठक दादूराम

मांडलेकर ने छात्रों को पोषण,कुपोषण,कुपोषण से बीमारी का क्या संबंध है, हमारे शरीर को भोजन की आवश्यकता क्यों होती है, संतुलित आहार किसे कहते हैं?खून की कमी या एनीमिया किसे कहते हैं,खून के कमी के कारण,खून के कमी के लक्षण,खून की कमी को कैसे पहचानेंगे,आयरन के स्रोत वाली चीज कौन सी है,खून की कमी को रोकने के लिए क्या करना चाहिए सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षक उमेश दुबे,पितांबर प्रसाद कश्यप,टीकाराम गोपालन,कैलाश खुंटे की उपस्थिति मे मितानिन मालती चंद्रा सहित अन्य स्कूल स्टॉफ व छात्र छात्राए उपस्थित थे।

गुणवत्ता के लिए लगातार करें मॉनिटरिंग : कलेक्टर सिन्हा

कलेक्टर श्री सिन्हा ने ली जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली।

उन्होंने विभागीय काम के अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को अप्रारंभ कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ईई पीएचई को आगामी कार्ययोजना का शेड्यूल देने के लिए कहा, जिसके आधार पर ही आगे काम के प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस मौके पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी भी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़ी रही। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति, उचित दर प्राप्त निविदाओं की स्वीकृति एवं कार्यादेश एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न मदों में भुगतान के संबंध में चर्चा किए। संबंधित अधिकारी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न मदों के अंतर्गत भुगतान का अनुमोदन किए जाने हेतु प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने अधिकारियों से कहा कि फील्ड में काम के गुणवत्ता की लगातार मॉनिटरिंग करें। उन्होंने पाइप लाइन बिछाने के साथ, टंकी का निर्माण और वहां से घरों में नल कनेक्शन प्रदान करना, इन सभी कामों की गति और गुणवत्ता का विशेष निगरानी रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिससे काम की क्वालिटी बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य लोगों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। फील्ड में जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यक प्रगति दिखनी चाहिए। बैठक के दौरान ईई पीएचई श्री परीक्षित चौधरी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत रायगढ़ के 7 एवं सारंगढ़ जिले के 2 विकासखण्ड में 3 लाख 13 हजार 129 एफएचटीसी की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुयी थी। जिसमें 3 लाख 10 हजार 874 का कार्यादेश जारी हो चुका है। जिसमें 25 सितम्बर 2023 की स्थिति में 01 लाख 92 हजार 138 एफएचटीसी प्रदाय किया जा चुका है।

इस दौरान डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, अपर कलेक्टर

गणेश पंडालों की सजावट देखने उमड़ रही लोगों की भीड़

मुंगेली- नगर में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाऐं स्थापित है। झांकी सजावट में नगर मे दर्शन के लिये भक्तो की भीड़ देखी जा रही है। नगर के प्रमुख स्थान पुराना बस स्टैण्ड, खर्रीपारा, कालीमाई वार्ड, सिंधी कालोनी, बड़ा बाजार, मल्हापारा, नया बस स्टैण्ड, पुलपारा, दाउपारा, सदर बाजार, मलाई घाट, देवांगन समाज भवन में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाऐ तथा पंडालो की विशेष सजावट, झाकियों के चलते भक्तो को आकर्षित कर रहे है। जय मां परमेश्वरी गणेश उत्सव समिति द्वारा देवांगन समाज भवन में गणेश उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग सुबह-शाम आरती में शामिल हो रहे है। इन दिनो नगर मे गणेश प्रतिमाओ के दर्शन हेतु भक्तो की भीड़ देखी जा रही है।

कलेक्टर ऋचा ने निर्वाचन कार्यों के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने समय सीमा बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रगति तथा समय-सीमा सहित अन्य प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रदेश सहित जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने पर किए जाने वाले आवश्यक कार्यों की जानकारी देते हुए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने निर्वाचन संबंधी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही धान खरीदी केन्द्रों के व्यवस्था के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण, अंडा, केला वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, ई-कोर्ट के प्रकरण सहित अन्य राजस्व कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय सीमा में शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण, जनदर्शन तथा जनशिकायत के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत समय सीमा के बाहर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी गौमूत्र खरीदी, गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, गौठानों अंतर्गत तालाबों में मछली पालन, सामुदायिक बाड़ी विकसित करने के साथ-साथ आजीविकामूलक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

हर परिवार करेगा डेंगू पर वार

शहरवासियों से इस मुहिम में जुडने़ कलेक्टर सिन्हा ने की अपील

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में डेंगू के कारण एवं लक्षण, उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में रायगढ़ शहर में 27 सितम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर श्री सिन्हा ने शहरवासियों से इस मुहिम से जुडने़ हेतु अपील की है।

दूर होगी डेंगू बीमारी, जब होगी हम सबकी भागीदारी के तहत डेंगू से बचाव के लिए 27 सितम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें लोगों को डेंगू से बचाव के लिए विभिन्न उपाय बतायें जायेंगे। जैसे घरों के दरवाजें, खिड़की व रोशनदान में जाली व पर्दे लगाकर, घरों के फुलदान, कूलर, फ्रीज की ट्रे आदि को साफ करके और सुखाकर, घर में क्राइल जलाकर घरों को मच्छर मुक्त करने, घरों की आसपास की सफाई कर जमें हुए पानी पर जले हुए मोबिल का छिड़काव कर डेंगू से बचाव किया जा सकता है।

जले हुए मोबिल के लिए करें कॉल

विभिन्न स्थानों में जमे हुए पानी में जले हुए मोबिल ऑयल डालकर डेंगू से बचाव किया जा सकता है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा मोबिल ऑयल का वितरण किया जा रहा है। जले हुए मोबिल उपलब्ध न होने पर जनसामान्य इस नंबर पर 07762222911 पर कॉल कर जले हुए मोबिल ऑयल प्राप्त कर सकते है। डेंगू से बचाव के लिए 27 सितंबर को चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जनसामान्य इस विशेष अभियान से जुड़कर डेंगू से बचाव संबंधी किए जा रहे अपनी गतिविधियों को अपने परिवार के साथ एक फोटो और 30 सेकेंड तक वीडियो लेकर उक्त मोबाइल नंबर 8553525150 पर वाट्सअप कर सकते है। सर्वश्रेष्ठ फोटो एवं वीडियो को नगर निगम द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

मीरा ने बढ़ाया सक्ति का गौरव

शक्ति/नवप्रदेश। श्रीमती मीरा देवांगन को शक्ति जिले से, 5 सितंबर को राजधानी रायपुर के राजभवन के दरबार हाल में राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल माननीय श्री विश्व भूषण हरिचंदन मुख्य अतिथि एवं इस कार्यक्रम के अध्यक्षता माननीय श्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि माननीय श्री रविंद्र चौबे एवं विशिष्ट अतिथि माननीय श्री द्वारकाधीश यादव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में शक्ति जिले के शासकीय प्राथमिक शाला मसानिया खुर्द के श्रीमती मीरा देवांगन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्रीमती मीरा देवांगन द्वारा टीएम रोल प्ले गणितीय धारणाओं का सरलीकरण करते हुए ,भय मुक्त वातावरण से बच्चों को पढ़ने की विशिष्ट शैली है।

आर्गुमेंट रियलिटी एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों द्वारा खेल-खेल में शिक्षा, कमजोर बच्चों को स्तर में लाने के लिए गतिविधियों का क्रियान्वयन, गणितीय एवं भाषाई कौशल के विकास के लिए सतत प्रयासरत रहती हैं। बच्चों में अनुशासन ,शत प्रतिशत उपस्थित, नैतिक शिक्षा, क्राफ्ट एवं खिलौने आदि विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास करना साथ ही माता उन्मुखीकरण ,कबाड़ से जुगाड़ में मॉडल निर्माण, खेल-खेल में विज्ञान , बालवाड़ी एवं अंगना में शिक्षा, में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है इन्हें मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2021, साहित्य मंथन शिक्षा रत्न, सावित्रीबाई फूले शिक्षा श्री ,साउथ एशिया टीचर एक्सीलेंट अवार्ड भी प्रदान किया गया है पढ़ाई तुहंर द्वार 2.0 में बेहतर कार्य हेतु कलेक्टर एवं समग्र शिक्षा द्वारा सम्मान प्राप्त हुआ है ,पर्यावरण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में भी इनका योगदान रहता है।

मवेशी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। शातिर मवेशी चोर पुलिस गिरफ्त में आये। आरोपीयों के खिलाफ धारा 457, 380, 511, 34 के तहत पंजीबद्ध कर आरोपीगणों के कब्जे से दो रास गैस दो रास पडिया एवं एक गाय कीमती 63000 रूपये बरामद कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

फास्टरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम खैरा-सेतगंगा निवासी लक्ष्मीनारायण शर्मा रोज की तरह 23 सितम्बर को अपने घर से लगे मवेशी कोठा में मवेशियो को चारा आदि खिलाकर रात्रि करीबन 8-10 बजे अपने परिवार के साथ सोया हुआ था सुबह करीबन 4 बजे मवेशी कोठा तरफ मवेशियों का आवाज सुनकर नींद खुलने पर घर से बाहर निकला देखा कि दो व्यक्ति उसके मवेशी कोठा का ताला तोडकर मवेशी कोठा के अंदर बंधे दो रास भैंस, दो रास पडिया तथा एक गाय को चोरी कर बाहर निकाल लिये थे।

कि लक्ष्मीनारायण शर्मा अपने

प्रताड़ना का आरोपी पति और सास गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। नव विवाहिता को प्रताड़ित कर आत्महत्या करने के लिये मजबूर करने वाले पति एवं सास के खिलाफ धारा 306, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपीगणों को जिला जेल मुंगेली एवं केंद्रीय जेल बिलासपुर में रिमाण्ड पर भेजा गया। थाना फास्टरपुर क्षेत्रान्तर्गत के ग्राम टेढ़ाधौरा निवासी स्व. रेवाराम साहू की पुत्री सोनिया साहू की शादी गांव के ही मनीराम साहू के पुत्र शत्रुहन साहू के साथ माह अप्रैल 2023 को हुआ था शादी के कुछ दिनों बाद ही सोनिया का पति शत्रुहन साहू अपनी मां श्रीमति कलेशिया साहू के साथ प्रताड़ित करने लगा। सोनिया साहू अपने पति और सास के द्वारा दिये जा रहे रोज के प्रताड़ना से प्रताड़ित होकर 18 जून को अपने घर के शयन कक्ष में सिलिंग फैन में साड़ी से फांसी लगा ली थी। जिसे उपचार हेतु नव विवाहिता सोनिया साहू के माता-पिता एवं परिजनों सूचित किये बिना मुंगेली एवं बिलासपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जो उपचार के दौरान 20 जून को मौत हो गई। सूचना पर थाना तोरवा में बिना नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना पंचनामा में लिया गया। घटना स्थल थाना फास्टरपुर क्षेत्र का होने से थाना तोरवा से बिना नंबरी मर्ग डायरी प्राप्त होने पर थाना फास्टरपुर में धारा 174 पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। नंबरी मर्ग की सूचना पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति प्रतिभा पाण्डेय तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसआर घृतलहरे को प्राप्त होने पर नव विवाहिता की मृत्यु की घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी फास्टरपुर को सूक्ष्मता से जांच करने निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी फास्टरपुर द्वारा वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार सूक्ष्मता से जांच करने पर प्रथम दृष्टया धारा 306, 34 का अपराध घटित होना पाये जाने से 22 सितम्बर को धारा 306, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित कार्यवाही किया।

जोबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया औषधालय का शैक्षणिक भ्रमण

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण अंचल स्थित शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के विद्यार्थियों ने आज एक अनूठा और ज्ञानपूर्ण अनुभव प्राप्त किया। प्राचार्य श्री रविन्द्र कुमार थवाईत बच्चों को लेकर स्थानीय औषधालय पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों के महत्व और उपयोग के संदर्भ में जानकारी प्रदाय की। शैक्षणिक भ्रमण में औषधालय के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.एम.महापात्रा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को तकरीबन दो दर्जन से अधिक विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों जैसे घृतकुमारी, हरिद्रा, करंज, नीम, गिलोय, तुलसी और हर्षृगार आदि के औषधीय गुणधर्मो का विस्तारपूर्वक विश्लेषण कराया। साथ ही उनके उपयोग के तरीकों का भी अध्ययन कराया। बढ़ते क्रम में छात्रों ने सहायक प्राध्यापक श्री योगेन्द्र कुमार राठिया और छात्राओं ने सहायक प्राध्यापक श्रीमती डॉ. ज्ञानमणि एक्का की मेंटरशिप में वनस्पति जगत के महत्वपूर्ण पहलुओं से रूबरू होने के लिए हर्बल गार्डन का भी लुफ्त उठाया, जिससे उन्हें वनस्पतियों की विविधता और स्वास्थ्य संरक्षण में उनके योगदान के बारे में बेहद महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

इस दौरे के माध्यम से, विद्यार्थियों

तीर्थयात्रा कर लौटे महिलाओं का पार्षद ने किया स्वागत

मुंगेली/नवप्रदेश। वृंदावन तीर्थ यात्रा पर गई नगर की 40 महिलाएं 6 दिन की सफल तीर्थ यात्रा कर सभी सकुशल वापस लौटी। तीर्थयात्रा पूर्ण कर वापस आने पर सभापति पार्षद रोहित शुक्ला एवं उनके परिजनों तथा समर्थकों ने तीर्थ यात्रा से लौटी महिलाओं का माला पहनाकर, तिलक लगाकर, शॉल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।

नगर के सुभाष वार्ड के पार्षद रोहित शुक्ला के प्रयास से सप्ताह भर पूर्व वार्ड सहित शहर की कुछ महिलाओं ने वृंदावन जाने की इच्छा प्रकट की। जिस पर नगर पालिका के सभापति व पार्षद रोहित शुक्ला ने सभी महिलाओं माताओं-बहनों को आश्वस्त किया कि वे उन्हें तीर्थ यात्रा पर जरूर भेजेंगे। पार्षद रोहित शुक्ला ने वृंदावन में फोन लगाकर माताओं-बहनों के लिये वहां रुकने, खाने, घूमने एवं आने-जाने की पूरी व्यवस्था के साथ सभी 40 माताओ-बहनों को तीर्थ यात्रा पर भेजा। 6 दिन की सफल तीर्थ यात्रा कर सभी 40 महिलाएं सकुशल वापस लौटी। जहां सभापति पार्षद रोहित शुक्ला पत्नी निशा शुक्ला पिता छोटेलाल शुक्ला, माता निर्मला शुक्ला, लाता पांडेय, सूरज मंगलानी, राहुल रूपवानी, निजाम खान, वैभव ताम्रकार, विजेन्द्र नामदेव, कैलाश देवांगन के द्वारा नया बस स्टैंड बजरंगबली मंदिर के पास तीर्थ यात्रा से लौटी माताओं-बहनों का माला पहना तिलक लगाकर शॉल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। तीर्थ यात्रा से लौटी माताओं ने बताया कि उन्हे पूरी तीर्थ यात्रा में कही कोई दिक्कत नही हुई। पार्षद रोहित शुक्ला के द्वारा बहुत अच्छी व्यवस्था की गई थी। जिससे यह यात्रा सफल रही।

नगर पालिका सभापति रोहित शुक्ला के द्वारा कोरोना काल के समय भी जरूरतमंद लोगों की बढ़-चढ़कर मदद पहुंचाई थी। श्री शुक्ला जनसरोकार के तहत आदिवासी क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद लोगों को कपड़े दवाई एवं उनके खाने-पीने की व्यवस्था भी समय-समय पर की जाती रही है। शहर के जर्जर हो चुके कई मंदिरों का भी जीर्णोद्धार उनके द्वारा कराया गया है।

सिराज आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर कायम, कोहली-रोहित को नुकसान

नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज आईसीसी रैंकिंग में वनडे के नंबर-1 गेंदबाज बने हुए हैं। साथ ही भारतीय बैटर शुभमन गिल पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम के और करीब आ गए हैं।

बुधवार को जारी रैंकिंग में सिराज पहले स्थान पर बरकरार है। सिराज के अभी 680 पॉइंट हैं। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जोश हेजलवुड दूसरे स्थान पर हैं। हेजलवुड के 669 पॉइंट हैं।

कोहली और रोहित को एक-एक स्थान का नुकसान

बैटिंग रैंकिंग में विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। कोहली 8वें से 9वें और रोहित 10वें से 11वें नंबर पर आ गए हैं। कोहली के 694 पॉइंट हैं। रोहित के 682 अंक हैं। एशियन गेम्स में बुधवार को नेपाल ने मंगोलिया को 273 रनों से हराकर टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल की टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 314 बनाए। जवाब में मंगोलिया 13.1 ओवर में 41 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले, सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड चेक रिपब्लिक के नाम था। उसने तुर्की के खिलाफ साल 2019 में 257 से जीत दर्ज की थी।

बाबर के और करीब पहुंचे भारतीय ओपनर शुभमन गिल

भारतीय ओपनर शुभमन गिल बैटिंग रैंकिंग में बाबर आजम को नंबर-1 पोजिशन से जल्द ही हटा सकते हैं। लेटेस्ट रैंकिंग में गिल ने रेटिंग पॉइंट्स के फासले को और कम किया है। पिछले सप्ताह दोनों बल्लेबाजों के बीच 43 पॉइंट्स का फासला था। अब यह घटकर 10 अंकों का रह गया है। टॉप पर काबिज बाबर आजम के पास 857 अंक हैं, जबकि गिल के 847 अंक हो गए हैं। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। फॉर्म में चल रहे गिल ने शुरुआती दो मुकाबलों में 178 रन बनाए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मोहाली में सीरीज के शुरुआती मैच में 74 रनों की तेज पारी खेली और इंदौर में अपने करियर का छठा वनडे शतक लगाया।

भारत को मिले आठ पदक, कुल संख्या 22 पहुंची; अनंत ने जीता रजत

हांगझोऊ। एशियाई खेल 2023 में भारत को अपने निशानेबाजों से आज कुछ और पदकों की आस होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन भारत को पांच, दूसरे दिन छह और तीसरे दिन तीन पदक मिले। कुल 22 पदकों के साथ भारत पदक तालिका में छठे स्थान पर है। इसमें पांच स्वर्ण, सात रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। आज शूटिंग में दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक मिले।

टेनिस में भारतीय खिलाड़ी सुमित को हार का सामना करना पड़ा है। पहला सेट हारने के बाद, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी झिझिन झांग ने मजबूत वापसी करते हुए अगले दो सेट अपने नाम कर जीत दर्ज की। चीनी खिलाड़ी ने 6-7, 6-1, 6-2 के अंतर से यह मैच जीता।

ग्रुप मैच में भारत के प्रिंसपाल सिंह, प्रताप सिंह सेखों, प्रणव प्रिंस और लोकेंद्र सिंह ने मकाऊ को 21-12 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है जहां उनका सामना शुक्रवार को पिछले संस्करण के स्वर्ण पदक विजेता चीन से होगा। भारतीय महिला टीम ग्रुप मैच में दिन के अंत में चीन से भिड़ेगी।

अनंत सिंह ने रजत पदक जीता

अनंत सिंह ने शूटिंग में देश को एक और पदक दिलाया है। उन्होंने 60 में 58 शॉट सही निशाने पर लगाए और रजत पदक अपने नाम किया। वहीं, कुवैत के अबदुल्लाह अलरसीदी ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए 60 में 60 सही निशाने लगाए और स्वर्ण पदक हासिल किया। अनंत सिंह ने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है। उन्होंने 50 में 48 शॉट सही निशाने पर लगाए हैं। अनंत सिंह ने शानदार शुरुआत की है और अपने शुरुआती 14 प्रयासों में 14 अंक हासिल किए हैं। साइकलिंग में डेविड बेकहम को हार का सामना करना पड़ा है।

शूटिंग में ईशा ने रजत पदक जीता

शूटिंग में ईशा सिंह ने रजत पदक पर कब्जा जमाया है। उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिता में 34 का स्कोर किया और दूसरे स्थान पर रहीं। चीन की लियू रुई ने 38 का स्कोर हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, कोरिया की जिन ने 26 का स्कोर कर कांस्य पदक अपने नाम किया। ईशा सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक पक्का कर लिया है। अब वह स्वर्ण पदक के लिए कोशिश करेंगी। भारत की महिला हॉकी टीम ने अपने पहले ही मैच में बड़ी जीत हासिल की है। भारत ने सिंगापुर को 13-0 के अंतर से हराया।

तलवारबाजी में भारत की जीत

तलवारबाजी में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। मैच में पिछड़ने के बावजूद भारत ने जॉर्डन को 45-36 से हराया। भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है और सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दक्षिण कोरिया से खेलेगी। हॉकी में भारतीय महिला टीम बड़ी जीत की दहलीज पर पहुंच गई है। आखिरी क्वार्टर का खेल जारी है और टीम इंडिया के पास 11-0 की बढ़त है।भारत की झोली में कुल 20 पदक आ चुके हैं। इसमें पांच स्वर्ण, पांच रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं।

नेपाल ने रचा इतिहास; टी20 मैच में बना दिए 314 रन

युवराज सिह और रोहित शर्मा के रिकॉर्ड भी टूटे

हांगझोऊ। नेपाल की पुरुष टीम ने बुधवार को मंगोलिया के खिलाफ एशियाई खेलों के ग्रुप मैच के दौरान इतिहास रच दिया। हांगझोऊ में पुरुष क्रिकेट के शुरुआती मैच में ही नेपाल ने टी20 क्रिकेट के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। सोमवार को महिला क्रिकेट में भारत के स्वर्ण पदक जीतने के बाद, पुरुषों की स्पर्धा के पहले ही मैच में विश्व रिकॉर्ड बन गया। नेपाल ने 20 ओवरों में 314/3 का अविश्वसनीय स्कोर बनाया और टी20 क्रिकेट में 300 का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पहले ही पुष्टि कर दी थी कि एशियाई खेलों के मैचों को अंतरराष्ट्रीय टी20 का दर्जा दिया जाएगा।

इसके अलावा, दीपेंद्र सिंह ऐरी ने युवराज सिंह के सबसे तेज टी20 अर्धशतक के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़ दिया। युवराज ने 2007 विश्व

कप के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंद में अर्धशतक लगाया था। इसी पारी में उन्होंने एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। वहीं, दीपेंद्र सिंह ऐरी ने सिर्फ नौ गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 10 गेंदों में 52 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें से 48 रन छक्कों से आए।

कुशाल मल्ला ने भारत के कप्तान रोहित शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज टी20 शतक बनाया। उन्होंने केवल 34 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। जबकि रोहित और मिलर ने 35 गेंद में शतक लगाया था। मल्ला ने आठ चौके और 12 छक्के लगाए और सिर्फ 50 गेंदों पर 137 रन बनाकर नाबाद रहे। नेपाल ने हांगझोऊ में झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी क्रिकेट फील्ड में अपनी पारी की धीमी शुरुआत की थी।

क्वार्टर फाइनल में शामिल होगा भारत

एशियाई खेलों में पुरुषों की प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन टीमों के तीन समूह हैं। प्रत्येक समूह से शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी, जहां भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसी टीमें टूर्नामेंट में शामिल होंगी। भारत का नेतृत्व ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे, जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए वनडे टीम का हिस्सा थे और पहले दो मैचों में खेले थे।

22 साल स्ट्रगल के बाद पापा का पुर्नजन्म है गदर-2

नई दिल्ली। सनी देओल के बेटे राजवीर देओल जल्द ही फिल्म 'दोनों' से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने पिता और भाई करण देओल के बीते कुछ सालों के स्ट्रगल पर बात की। जहां सनी गदर-2 से पहले बीते दो दशकों से एक हिट फिल्म की तलाश कर रहे थे। वहीं करण 2019 में रिलीज हुई अपनी डेब्यू फिल्म से दर्शकों और क्रिटिक्स को इम्प्रेस करने में नाकाम रहे।

पापा के लिए पुर्नजन्म जैसी है गदर-2- सिद्धार्थ कनन को दिए एक इंटरव्यू में राजवीर ने कहा कि पूरा देओल परिवार गदर-2 की सक्सेस पर यकीन नहीं कर पा रहा था। फिल्म अब तक बॉक्स ऑफिस पर 520 करोड़ से ज्यादा कमा चुकी है और तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म है। राजवीर ने कहा कि यह उनके पिता के लिए पुर्नजन्म जैसा है जो 80 और 90 के दशक में बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार थे।

पापा किसी भी दिन छुट्?टी पर नहीं होते- राजवीर ने आगे बताया, 'बीते 22 साल से मैं उनको स्ट्रगल और काम करते हुए देख रहा हूं। वो किसी दिन छुट्?टी पर नहीं होते थे। जब लोग मुझसे आकर कहते थे कि एक एक्टर की लाइफ बड़ी आसान होती है, वो तो बस घूमते रहते हैंज शायद इन लोगों ने दूसरे एक्टर्स को देखकर ऐसा फील किया होगा।

वैश्विक स्वास्थ्य के लिए जी7 समर्थित प्रभाव निवेश पहल में शामिल हुए

नई दिल्ली। न्यूयॉर्क शहर में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च-स्तरीय बैठकों के मौके पर आयोजित वैश्विक स्वास्थ्य के लिए इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (ट्रिपल आई) के लॉन्च कार्यक्रम में, यूएसएआईडी-समर्थित समृद्ध हेल्थकेयर मिश्रित वित्त सुविधा और इसके तकनीकी सहायता इकाई, आईपीई ग्लोबल को 37 अन्य अग्रणी संगठनों के बीच संस्थापक सदस्यों के रूप में घोषित किया गया। टुवर्ड मोर रेसिलिएंट, इक्वीटेबल एंड सस्टेनेबल यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज बय 2030xquot; कार्यक्रम जापान सोसाइटी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मौके पर आयोजित किया गया था, और इसमें यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक नेताओं ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स और जी7, जी20, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व बैंक, यूनिसेफऔर गावी के प्रतिनिधियों ने भाषण दिया।

बिजनेस

बायजूस के 4 हजार से अधिक कर्मचारियों की नौकरी पर खतरा

रिस्ट्रक्चरिंग के तहत होगी छंटनी, पूर्व में एक हजार कर्मचारियों को निकाला था

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एजुकेशन-टेक्नोलॉजी कंपनी बायजूस 4000 से अधिक कर्मचारियों की नौकरी से निकालने की योजना बना रही है। मनीकंट्रोल ने सूत्रों के हवाले से इसके बारे में जानकारी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, नए ष्टश्वह्र अर्जुन मोहन कंपनी में बड़े पैमाने में बदलाव कर रहे हैं। जिस वजह से एक बार फिर कंपनी में बड़ी छंटनी होने जा रही है। इससे पहले कंपनी ने साल की शुरुआत में 1,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला था। वहीं, पिछले साल के लास्ट में कंपनी ने 2,500 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। नौकरी से निकाले जाने वाले कर्मचारियों में कंपनी के सीनियर अधिकारी भी शामिल होंगे। इसके जरिए सीनियर मैनेजमेंट एक्सपेंसेज को कम किया जाएगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि नए ष्टश्वह्र ने पहले ही कंपनी के इस फैसले के बारे में अधिकारियों को बता चुके हैं। इसके साथ ही परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट प्लान में फेल रहने वाले और कॉन्ट्रैक्ट एम्प्लॉइज को भी निकाला जाएगा।

भारतीय ऑपरेशन के CEO बने अर्जुन मोहन

कंपनी ने 20 सितंबर को मृणाल मोहित की जगह अर्जुन मोहन को कंपनी के भारतीय ऑपरेशन के लिए ष्टश्वह्र नियुक्त किया है। मोहन पहले कंपनी के मुख्य बिजनेस अधिकारी (ष्टक्चह्र) थे। कंपनी अभी नकदी की कमी से जूझ रही है। नकदी संकट को दूर करने के लिए बायजूस ने अपनी दो प्रमुख संपत्तियों एपिक और ग्रेट लर्निंग को बेचने का फैसला किया है। इसके साथ ही पिछले कुछ महीनों से कंपनी नियामक जांच का सामना कर रही है। जुलाई में कंपनी के ऑडिटर डेलॉइट हास्किन्स एंड सेल्स ने यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया कि एडटेक फर्म को उनके वित्तीय परिणाम तैयार करने में मदद करने में सहयोग नहीं कर रहा है।

बिजनेस रीस्ट्रक्चरिंग एक्सरसाइज

बायजूस के प्रवक्ता ने कहा, हम बिजनेस रीस्ट्रक्चरिंग एक्सरसाइज के फाइनल स्टेज में हैं। इसके जरिए ऑपरेशन रीस्ट्रक्चर को सरल बनाया जाएगा और कैश फ्लो मैनेमेंट को बेहतर किया जाएगा। अगले कुछ हफ्ते में ष्टश्वह्र अर्जुन मोहन इस प्रोसेस को पूरा करेंगे और नए व टिकाऊ ऑपरेशन को आगे बढ़ाएंगे। हालांकि कंपनी ने इस बात की जानकारी नहीं दी है कि इस रीस्ट्रक्चरिंग से कितने कर्मचारी प्रभावित होंगे।

कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को नोटिस

नई दिल्ली। केंद्र सरकार कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के खिलाफ शिकंजा कस रही है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) ने 12 ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग कंपनियों को 55,000 करोड़ के जीएसटी बकाया को लेकर नोटिस जारी किया है। इन कंपनियों में हेड डिजिटल वर्क्स, ड्रीम11 और अन्य हैं। कुल गेमिंग आय पर जीएसटी का भुगतान न करने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ड्रीम11 को सबसे अधिक 25,000 करोड़ के बकाये का नोटिस मिला है।

एक्सॉनमोबिल और रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम के बीच वैश्विक साझेदारी

रायगढ़/नवप्रदेश। भारत के 2023 ग्रैंड प्रिक्स के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में डेब्यू करते हुए मोटो जीपी ३ भारत के उद्घाटन में मोबिलइ भारत में रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम को टर्बो-पावर कर रहा है। एक्सॉनमोबिल और रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम के बीच वैश्विक साझेदारी का जश्न मनाते हुए, दो सवारों - ऑस्ट्रेलियाई जैक मिलर और दक्षिण अफ्रीकी ब्रैड बाइंडर द्वारा एड्रेनालाईन-पंपिंग प्रदर्शन, जिनके लिए जीतना एक स्वभाव है, जिन्होंने वैश्विक सर्किट स्तर पर अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया है, दोनों राइडर्स अपनी ग्रांड प्रिक्स बाइक्स को मोबिलइ द्वारा सुनिश्चित प्रदर्शन और आत्मविश्वास से संचालित करेंगे। उन्होंने हाल ही में जेपी ग्रीन्स में आयोजित मोबिल कार्यक्रम में प्रशंसकों के साथ अपना उत्साह साझा किया,जहाँ जैक मिलर ने मोबिल सुपर मोटो 10W-30 को लॉन्च किया था। सिद्ध इंजन सुरक्षा, लंबा इंजन जीवन और बेहतर ईंधन किफायत के साथ, मोबिल सुपर मोटो 10W-30 बिल्कुल वही है जो देश भर में रोजमर्रा के सवारों को चाहिए। इसके अलावा, उत्पाद पैकेजिंग में

भारतीय ग्राहक ऑनलाइन खरीदारी करने और ज्यादा खर्च करने के लिए बेहद उत्साहित

नई दिल्ली। अमेजन इंडिया के लिए नील्सन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन के मुताबिक, पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 81त्न ग्राहकों ने इसे लेकर इस बार मजबूत इरादा और इच्छा व्यक्त की है; 78त्न ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते हैं। इसके साथ ही ग्राहक विशाल संग्रह, प्रतिस्पर्धी कीमतों, आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतरीन ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं। इस अध्ययन के बारे में बात करते हुए, अमेजन इंडिया के इंडिया कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा,त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है। हमें यह जानकर प्रेरणा मिली है कि इस वर्ष उपभोक्ता सबसे अधिक उत्साहित हैं और अधिक खर्च करने और ऑनलाइन खरीदारी करने के इच्छुक हैं। हमें यह जानकर खुशी हो रही है कि पूरे भारत में उपभोक्ता Amazon.in को सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग गंतव्य मानते हैं।

जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने में नई प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाए : बी विश्वनाथ

■ **एनएमडीसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 अभियान**

हैदराबाद/रायपुर। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी एनएमडीसी ने अपने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 अभियान के हिस्से के रूप में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री बी विश्वनाथ (आईआरएसएस) नेकिया, जिन्होंने निष्पक्ष, नैतिक और सतत विकास प्राप्त करने में केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देशों की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों से बात करते हुए, श्री बी विश्वनाथ ने कहा, वीएडब्ल्यू 2023 सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारियों से जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने में नई प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने का आग्रह करता है। इसके बाद उन्होंने एनएमडीसी के कर्मचारियों

को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इन विकासों को जल्दी अपनाएं क्योंकि घरेलू लौह और इस्पात उद्योग अब परिपक्व हो रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरु आत सोमवार को बीडीएल और मिधानी के सी वी ओ डॉ. उपेंद्रवेनम के साथ जांच अधिकारी और प्रस्तुतकर्ता अधिकारी परएकसंवाद सत्र के साथ हुई। उन्होंने संविधान और डीओपीटी नियमों के सुसंगत प्रावधानों पर जोर देते हुए जांच अधिकारी और प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के दायित्वों का वर्णन करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

अनीता बारिक, उप-सीवीओ, दक्षिण मध्य रेलवे ने दिन के अगले सत्र का संचालन किया। उन्होंने निवारक सतर्क ताकी आवश्यकता की जानकारी दी और वास्तविक दुनिया के उदाहरण देते हुए इन नियमों को कार्रवाई में लागू करके सतर्क और कुशल कार्य संस्कृतियों के निर्माण की दिशा में एक व्यावहारिक दृष्टिकोण की अनुशंसा की।

मंगलवार को वित्तमंत्रालय, डीओईके निदेशक (खरीद नीतिप्रभाग),श्री कंवल प्रीत ने सार्व जनिक खरीद के आवश्यक सिद्धांतों पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने भारत सरकार की विवाद से विश्वास योजना का वर्णन करते हुए संचार के दस्तावेजीकरण और रिकॉर्ड रखने के महत्व पर विस्तार से बताया।

अगले सत्र के दौरान, श्री सुशील डागा, एमिकस लीगल और विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के विजिटिंग फैकल्टी ने मध्यस्थता और सुलह अधिनियम पर चर्चा की। उन्होंने इसके संशोधनों के पीछे के तर्क पर बात की और संविदा अधिनियम और अन्य संबंधित विधियों के प्रासंगिक खंडों की व्याख्या की।

एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्तप्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कर्मचारियों के लिए इन क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को तैयार करने में कंपनी के सतर्कता विभाग के प्रयासों की सराहना की। प्रतिभागियों को संबोधित करत हुए, उन्होंने कहा, मैं सभी को अपने कार्य की जिम्मेवारी लेने, अपने कौशल को बढाने के लिए प्रोत्साहित करता हूं और यह सुनिश्चित किया जाए कि हमारे निर्णय लेने की प्रक्रिया सुविचारित और जवाबदेह है।

हनुमान चालीसा रटे नहीं अपने जीवन में उतारें, सफलता जरूर मिलेगी

पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा का पहला दिन

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के करोंद इलाके में आज से बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, सफल आदतें डालने से सफलता प्राप्त होती है। विफल आदतें डालने से विफलताएं मिलती हैं। जीवन में सफल होना है तो हनुमान जी के चरित्र को अपने जीवन में उतार लेना चाहिए। हनुमान जी का भक्त जीवन में कभी विफल नहीं होता। हनुमान चालीसा को पढ़ना चाहिए रटना नहीं । लेकिन, जो हनुमान चालीसा को अपने जीवन में उतार लेता है वही व्यक्ति सफल है।

अगला जन्म भी मध्य प्रदेश में ही हो

भगवान गणेश की स्तुति के साथ कथा की शुरुआत करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा धन्य है भोपाल के लोग। मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि मेरा अगला जन्म भी मध्य प्रदेश में ही हो। उन्होंने कहा कि दो दिन की कथा हनुमान की चालीसा की एक चौपाई (सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना) पर ही केंद्रित रहेगी। ये भोपाल नगरी राजधानी है। यहां राज नेताओं का बोलबाला है। मैं प्रार्थना करता हूं कि राजधानी होनी चाहिए लेकिन यहां राम रस भी होना चाहिए। हमारे हनुमानजी महाराज ने राज्य भी दिलाया और भगवान राम से भी मिलाया। जो हनुमान का भक्त होता है उसे राज्य के साथ भगवान राम भी प्राप्त होते हैं। काम ने भी अपना नाम राम से मिलता जुलता रखा। राम का नाम संतुष्टि दिलाता है। वहीं काम से कभी संतुष्टि नहीं मिलती। हमको कामरस की जगह रामरस में डूब जाना चाहिए।

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, हम कितनी भी उपलब्धि पा लें, लेकिन मुस्कान नहीं आती। मुस्कान तो सिर्फ रामरस को सुनने में आती है। हनुमानजी महाराज एक ऐसे देवता हैं जो सब सुख प्रदान कर सकते हैं। मुझसे एक व्यक्ति ने पूछा- आप हनुमान जी की कथा क्यों करते हैं। मैने उससे कहा- %और देवता चित न धरई, हनुमत सेई सर्व सुख करई% एक हनुमान जी ही ऐसे हैं जो सब सुख दे सकते हैं। हनुमान जी

सिद्धि भी देते हैं। हनुमान चालीसा पढ़ने से सुख मिलता है और दुख से छुटकारा मिलता है।

हनुमानजी सदगुरू हैं, हम इनकी शरण में रहेंगे तो हमारे ऊपर भी उनकी कृपा होगी। जो लोग हनुमान चालीसा, हनुमानजी की भक्ति जो भी करता है, उसे सारे सुख प्राप्त होते हैं। सफल आदतें डालने से सफलता प्राप्त होती है। विफल आदतें डालने से विफलताएं प्राप्त होती हैं। दौड़ते घोड़े और सूर्य का फोटो कमरे में लगाने से सफलता नहीं मिलती। सफलता मिलती है सूर्य उदय से पहले जागने में और घोड़े की तरह मेहनत करने में। जीवन में सफल होना है तो हनुमान जी के चरित्र को अपने जीवन में उतार लेना चाहिए। हनुमान जी का भक्त जीवन में कभी विफल नहीं होता। हनुमान चालीसा को पढ़ना चाहिए रटना नहीं चाहिए। लेकिन, जो हनुमान चालीसा को अपने जीवन में उतार लेता है वही व्यक्ति सफल है।

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग अपने विधानसभा क्षेत्र नरेला में ये कथा करा रहे हैं। इससे पहले जून में उन्होंने पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा कराई थी। तब इसमें 10 लाख लोगों के पहुंचने का दावा किया गया था।

राजनीतिक हलकों में इस धार्मिक आयोजन को सियासत से जोड़कर भी देखा जा रहा है क्योंकि दोनों ही कथाओं का पूरा फोकस नरेला विधानसभा क्षेत्र में ही है। हालांकि, मंत्री सारंग इस आयोजन को चुनाव से जोड़ने की बात से इनकार कर चुके हैं। उनका कहना है कि वे माता-पिता की स्मृति में हर बार यह आयोजन करते हैं। इसका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है।

धीरेंद्र शास्त्री की कथा में देशभर से श्रद्धालु आते हैं, लेकिन नरेला में हो रही कथा में भोपाल संभाग की सभी विधानसभा क्षेत्रों से ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। बाहर से आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके इंतजाम भी आयोजन समिति ने किए हैं। कथा के दौरान भाजपा के कई केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। कथा के अंतिम दिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का भाषण भी हो सकता है। इससे पहले जून में हुई पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के समापन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब आधा घंटे भाषण दिया था।

55 एकड़ मैदान पर पंडाल बनाए गए हैं। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की गद्दी के ठीक सामने व्हीआईपी के बैठेंगे। इनके आने-जाने के लिए गेट की अलग व्यवस्था है। इनकी गाड़ियां मंच के पास तक जाएगी।

सार-समाचार

1 अक्टूबर को भोपाल में चौरसिया समाज का समागम

रीवा/नवप्रदेश। भोपाल में 1 अक्टूबर को आयोजित चौरसिया समाज के महासमागम के लिए रीवा जिले के समाज के लोगो को आमंत्रण पत्र देने समाज के पदाधिकारी आए। चौरसिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौरसिया ने बताया कि 1 अक्टूबर को मध्यप्रदेश में रहने वाले चौरसिया समाज का महाकुंभ होना है इसके लिए सभी पदाधिकारी गांव गांव, मोहल्ला मोहल्ला जाकर समाज के लोगों को आमंत्रण पत्र और पीले चाबल देकर समाज के लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा और बताया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव चौरसिया (विक्की) के नेतृत्व में यह आयोजन भेल दशहरा मैदान भोपाल में होना तय है। उन्होने कहा कि हमारा समाज संघर्षशील, मेहनतकश स्वाभिमानी है हम सबको किसी भी राजनैतिक पार्टी ने प्रतिनिधित्व का अवसर सम्मान नहीं दिया है ऐसे में हम सब इक्ट्ठा होकर यह निर्णय लेना है कि आने वाले चुनाव में जो भी राजनैतिक पार्टी समाज को उचित अवसर देगी समाज उसी के पक्ष में मतदान करेगी। मतदान करना हमारा अधिकार है पर राजनैतिक हिस्सेदारी समाज के अनुपात में मध्यप्रदेश में हमको भी मिलना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक इंजी.भरतलाल चौरसिया, राष्ट्रीय मंत्री रामानुज चौरसिया, शहर अध्यक्ष अजय चौरसिया, संतोष चौरसिया, हेमलाल चौरसिया, देवदत्त चौरसिया, मोतीलाल चौरसिया, हनुमान चौरसिया, रवीश चौरसिया, रजनीश चौरसिया, रानी चौरसिया, कुसुमकली चौरसिया आदि उपस्थित रहीं।

छूटे व्यंग्य बांण,लगे ठहाके, बजी ताली, कवियों ने बांधा समां

रीवा/नवप्रदेश। रामपुर नैकिन-समीपस्थ ग्राम पंचायत मझगवां के युवा मंडल द्वारा गजानन गणपति के दरबार में आयोजित कवि सम्मेलन मे देर रात 12 बजे तक श्रोताओं ने हिन्दी व बघेली कविताओं का भरपूर आंनद उठाया। कवि सम्मेलन का आगाज करते हुए आयोजन समिति ने सभी रचनाकारों को सम्मानित किया। इसके बाद शुरू हुआ कविताई का दौर हिन्दी कवि सम्मेलन मंचो के कुशल मंच संचालक आशीष तिवारी निर्मल ने एक से बढ़कर हास्य व्यंग्य की कवितायें सुनाकर कवि सम्मेलन का आगाज ठहाकों के साथ कर दिया। तत्पश्चात बघेली के महनीय व्यंग्यकार बृजेश सिंह सरल ने ज्वलंत विषयों पर खूब व्यंग्य किये व वाहवाही लूटी। फिल्म अभिनेता हास्य कलाकार कवि उमेश लखन की रचनाओं ने श्रोताओं को देर तक हंसाया। रामलखन महगना ने अपने चिर परिचित अंदाज मे गाकर हास्य सुनाये व तालियां बटोरी। कार्यक्रम के संयोजक डिप्टी जेलर व कवि अभिमन्यू पांडे ने गांवगीत के माध्यम से लोगों के दिलो में हस्ताक्षर किया। आये हुए कवियों और अतिथियों का आभार समाजसेवी विष्णु पांडे द्वारा किया गया।इस दौरान गणपति उत्सव समिति मझगवां के सदस्य विष्णु पाण्डेय,सौरभ पाठक,विजय पाण्डेय अजय पाण्डेय,अंकित सिंह,अतुल सिंह,बीरेंद्र दाहिया,राजधर यादव,प्रशांत पाण्डेय शिवेंद्र सिंह बघेल प्रभु नारायण बृजेन्द्र पाण्डेय लोकपाल,अमित दाहिया ,विनय गौतम सहित हजारों-हजार की संख्या में उपस्थित मझगवां वासी कवि सम्मेलन का देर रात लुफ्त उठाते रहे ।

भगवान श्रीचन्द्र प्राकट्योत्सव के दिव्य अनुष्ठान का विशाल भण्डारे के साथ हुआ शानदार समापन

रीवा/नवप्रदेश। गत सायं काल भगवान श्रीचन्द्र जी के दिव्य स्वरूप का दुग्धाभिषेक, पञ्चोपचार पूजन और मंगलमय आरती के पश्चात कलश विसर्जन के साथ शिवावतारी भगवान श्री श्रीचंद जी के 529वें प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित 40 दिवसीय दिव्य अनुष्ठान का शानदार समापन हुआ। इसके पूर्व नगर के मध्य स्थित अमर शहीद वीर हेमू कालाणी चौक पर प्रातः 11 बजे पवित्र वाणी मात्रा-शास्त्र का सामूहिक पाठ किया गया। महाआरती और प्रार्थना के पश्चात महाप्रसाद (भण्डारे) का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय सिंधु सन्त समाज ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी हंसदास जी ने बताया भगवान श्रीचन्द्र जी ने सदैव जाति, वर्ण और सम्प्रदायों के भेद भाव से ऊपर उठकर सम्पूर्ण मानवता की सेवा का उपदेश दिया। आचार्यश्री से प्राप्त सन्देश का अनुसरण करते हुए यहाँ पर बिना किसी भेदभाव के भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।सुबह से शाम तक चले भण्डारे में हजारों श्रद्धालु बुजुर्गो, युवाओं और माताओं-बहिनों ने प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञात हो चालीस दिवसीय दिव्य अनुष्ठान का शुभारंभ दि.16 अगस्त बुधवार को अखण्ड ज्योत और कलश स्थापना के साथ हुआ। जिसके अन्तर्गत प्रतिदिन प्रातः और सायं काल मात्रा-शास्त्र , श्रीचन्द्र चालीसा, आरती और प्रार्थना के कार्यक्रम आयोजित किये गए। स्वामी जी ने समस्त उदासीन महापुरुषों, सर्व सनातन जगत और समूचे भक्त मण्डल को आचार्यश्री के अवतरण दिवस और उत्सव समापन की मंगलमय बधाइयाँ प्रेषित की है।

एमसीयू में पंचम् वेद नाट्य महोत्सव का भव्य शुभारंभ

रीवा/नवप्रदेश। शहर की सक्रिय नाट्य संस्था अमरवाणी नाट्य समिति और द एप्पल ट्री एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बीते 1 माह से रंगमंच एवं अभिनय कार्यशाला दिव्य स्नेह विवाहघर में आयोजित की जा रही है। जिसमें शहर एवं आसपास के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यशाला का समापन पंचम् वेद नाट्य महोत्सव के साथ हो रहा है। जो कि 1, 2 एवं 3 अक्टूबर 2023 को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय रीवा के सभागार में अमरवाणी नाट्य समिति और द एप्पल ट्री एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में होने जा रहा है। आयोजन को दो भागों में विभाजित किया गया है। प्रथम सत्र में संगोष्ठी का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से किया जाएगा, जिसमें रंगमंच, साहित्य एवं पत्रकारिता के संबंध में प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। द्वितीय सत्र में शाम 6:30 बजे से प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ होंगी।

हर घर तक नियमित जल सप्लाई योजनाओं का संचालन एवं संधारण सुनिश्चित करें - मंत्री शुक्ल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की प्रदेश स्तरीय बैठक में कार्यों की वृहद समीक्षा

भोपाल/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसंपर्क मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने जल भवन में जल जीवन मिशन एवं विभागीय कार्यों की प्रदेश स्तरीय समीक्षा में निर्देश दिये कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक शुद्ध नल-जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये नियमित मॉनिटरिंग करें। नवीन कार्यों के शीघ्र क्रियान्वयन के साथ कार्यरत योजनाओं का सुचारू संचालन-संधारण महत्वपूर्ण है। इसके लिये स्थानीय एवं तकनीकी समस्याओं के दृष्टिगत कार्ययोजना बनाए। जल सप्लाई संबंधी सुविधा के संचालन की वस्तुस्थिति के लिए फीड-बैक मैकेनिज्म तैयार किया जाये। संचालन संधारण के लिये उत्तरदायित्व तय किए जाएँ। बैठक में प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ल, प्रमुख अभियंता श्री संजय अंधवान, प्रमुख अभियंता सलाहकार श्री के.के. सोनगरिया, मुख्य अभियंता, जल जीवन मिशन के महाप्रबंधक, अधीक्षण यंत्री, समस्त ज़िलों के कार्यपालन यंत्री उपस्थित थे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की इच्छा-शक्ति और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में जल जीवन मिशन का तीव्र क्रियान्वयन हुआ है। अब तक प्रदेश के 65 लाख 46 हज़ार ग्रामीण घरों में नल-जल की सुविधा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अमला बधाई का पात्र है। उन्होंने आशा व्यक्त की शीघ्र ही प्रदेश के हर घर में गुणवत्तापूर्ण और नियमित जल सुविधा पहुँचेगी। इसके लिए आवश्यक हैं कि स्थानीय जन-प्रतिनिधियों और ग्रामीण जन को धैर्य से सुना जाए एवं उनके निराकरण के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाएँ। प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ल ने बताया कि विभाग द्वारा 31 मार्च 2024 तक 76 प्रतिशत (85 लाख 52 हज़ार ग्रामीण घर) एवं 31 दिसंबर 2025 तक शत प्रतिशत (112 लाख 17 हज़ार ग्रामीण घर) प्रगति का लक्ष्य रखा गया है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने बताया कि समस्त शत-प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल-जल प्रदाय के लिये जल-जीवन मिशन अन्तर्गत 79 हज़ार 604 करोड़ लागत की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है। एकल नल-जल योजना में 17 हज़ार 166 करोड़ लागत से 26 हज़ार 261 ग्राम और 62 हज़ार 438 करोड़ लागत से 35 हज़ार 996 ग्राम में नल-जल सुविधा का कार्य किया जा रहा है। कुल 148 समूह नल-जल योजना में से 33 योजना पूर्ण हो गयी हैं जिनसे 1733 ग्राम में नल जल सुविधा प्रदान की जा रही है। 32 हज़ार 700 ग्राम की 109 समूह नल-जल योजना प्रगतिरत हैं।

शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में रक्तदान जगरुकता कार्यशाला संपन्न

रीवा/नवप्रदेश। 17 सितम्बर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक सेवा पखवाडा अंतर्गत रक्तदान जागरूकता का अयोजन शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा की युवा रेडक्रास विंग द्वारा 26.09.2023 को प्रातः 11:30 बजे महाविद्यालय के नवीन लेक्चर हाल में किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 आरती सक्सेना ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवन के द्वारा किया। कार्यक्रम में रेडक्रास सोसाइटी के पूर्व सचिव डॉ0 एस.के. श्रीवास्तव, डॉ0 एस. के. त्रिपाठी एवं श्री अशोक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संजय गॉधी चिकित्सालय से डॉ0 संतोष सिंह ने छात्रों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। डॉ0 आरती सक्सेना प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्रों को बताया कि एक यूनिट ब्लड से तीन व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है। डॉ0 एस.के. श्रीवास्तव ने छात्रों को बताया दिनांक 29.09.2023 को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में किया जाना है जिसमें भाग लेने वालों को लॉटरी सिस्टम से एक 5जी मोबाईल, 4 साईकिल (02 छात्रों तथा 02 छात्राओं) को एवं 10 अन्य पुरस्कार दिए जाएगें। डॉ0 त्रिपाठी ने छात्रों को नशामुक्ति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को नशे से दूर रहना चाहिए। इस जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। रक्तदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के रेडक्रास अधिकारी डॉ0 नीलम पाण्डेय, डॉ0 अमिताभ मिश्रा एवं डॉ0 अशोक मिश्रा द्वारा सम्पन्न कराया गया।

पशु चिकित्सा शिविर एवं जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन

रीवा/नवप्रदेश। पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, रीवा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भारत सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय पशु बॉझपन शिविर एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति महोदय प्रो. (डॉ.) एस. पी. तिवारी जी के दिशानिर्देशन में किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन दिनांक 26.09.2023 को बैढ़न एवं दिनांक 27.09.2023 को बरकुनिया जिला सिंगरौली में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पशुपालकों के पशुधन स्वास्थ्य एवं प्रजनन क्षमता की उत्पादकता के विषय में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, रीवा के अधिष्ठाता, डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य

अतिथि श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, सी.ईओ. जिला पंचायत सिंगरौली तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्री सतेन्द्र सिंह धाकड़े, आयुक्त नगर निगम सिंगरौली एवं डॉ. डी. पी. सिंह, उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवायें, सिंगरौली तथा सम्मानीय अतिथि के रूप में डॉ. जय सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख एवं डॉ. अखिलेश चौबे, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, बैढन सम्मिलित हुये। यह शिविर एवं संगोष्ठी भारत सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा वित्त पोषित है।

कुरीतियों एवं अन्याय के खिलाफ मुखरता जरूरी : डॉ रचना श्रीवास्तव

रीवा/नवप्रदेश। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजषास्त्र विभाग के तत्वावधान में तथा प्राचार्य ऊॅ नीता सिंह के मार्गदर्षन में विभिन्न सामाजिक एवं राश्ट्रीय मुद्दों को लेकर बृहद जागरूकता अभियान चलाया गया।इसमें मध्यप्रदेष प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड ,क्षेत्रीय इकाई रीवा की टीम एवं नाट्यदल द्वारा प्लास्टिक एवं प्लास्टर आफ पेरिस के उपयोग को रोंकने एवं इसके दुश्प्रभावों के सम्बन्ध में नुक्कड नाटक की प्रस्तुति, कैलाष सत्यार्थी फांउडेषन द्वारा बाल विवाह एवं बालश्रम रोंके जाने के लिये षपथ ग्रहण, तथा नगर पालिक निगम की स्वच्छाग्रहियों की टीम द्वारा सफ ाई ,स्वच्छता अभियान चलाते हुए श्रमदान भी किया गया । जागरूकता अभियान समाजषास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रचना श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया । इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डॉ रचना श्रीवास्तव ने कहा कि

महिला विरोधी रीति रिवाजों, परम्पराओ को त्यागने, अन्याय के खिलाफ मुखर होने एवं आत्मनिर्भर बनकर बाल विवाह के कलंक को समाप्त करना अत्यावष्यक है तभी समाज में समरसता का वातावरण निर्मित हो पायेंगा।बृहद जागरूकता कार्यक्रम के पूर्व महाविद्यालय में समाजषास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ स्वाति शुक्ला ने बडी संख्या में उपस्थित छात्राओ को अध्ययन अध्यापन के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा को उभारने के लिये प्रेरित किया, उन्होने कहा कि सभी में कोई ना कोई गुण या हुनर होता है उसे आगे लाने से ही प्रतिभा निखरती है। आयोजन में पीयूश सोंधिया, आकांक्षा सोनी, अनीष सिंह, प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी कर्मचारी, कैलाष सत्यार्थी फांउडेषन के

पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में की गई कार्यवाही

थाना शाहपुर पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर डकैती करने वाले शातिर आरोपियों को किया गिरतार

रीवा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय मऊगंज विवेक कुमार लाल के निर्देशन एवं एसडीओपी मऊगंज इन्द्राज सिह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहपुर उनि. जगदीश सिह ठाकुर के व्दारा हमराह स्टाफ साथ के साथ डकैती करने वाले शातिर आरोपियो से डकैती का माल जप्त कर किया गिरफ्तार ।

मामले का संक्षिप्त विवरण : फरियादी अंसार मोह0 पिता मोह0 ताहिर उम्र 28 साल निवासी जमुई थाना शाहपुर जिला मऊगंज का चौकी खटखरी उप0 आकर उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पत्र आरोपीगण लकी चौरसिया ,गोबिन्द केवट,हिमान्शु पटेल,प्रदीप पटेल , राजू पटेल ,कश्यप पटेल एवं दो अन्य लडके निवासी दादर के द्वारा दिनांक 24.09.23 को रात्री 01.30 बजे चौहाना बिछरहटा रोड मे उक्त आरोपीगण दो मोटर सायकल से आये और फरि0 असांर मोह0 को लाठी डण्डा लौहे का राड ,पाईप से मारपीट कर फरियादी के पास रखे बैग जिसमे कुल 209000 रूपये नगदी एवं मोबाईल, आधार कार्ड, कपडे आदि लूट कर ले गये। आवेदन पत्र के मजमून पर से आरोपीगणो एवं दो अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध थाना शाहपुर में अपराध धारा 395 ता.हि. का प्रकरण पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी शाहपुर उपनिरी. जगदीश सिह ठाकुर हमराह स्टाफ के द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन मे अलग ङ्कअलग टीम गठित कर आरोपियो की पता तलाश हेतु अलग-अलग स्थानो पर दबिश दी गयी । जो कड़ी मसशक्त के बाद आरोपी हिमान्शु पटेल , राजू पटेल ,कश्यप पटेल उर्फ नीलेश ,आदित्य पटेल एवं एक विधिरूद्ध बालक को 24 घंटे के अन्दर घेरा बंदी कर लूटे गये मशरूका एवं घटना मे प्रयुक्त वाहन दो मोटर सायकल को आरोपीयो के कब्जे से जप्त कर आरोपीयो को अलग - अलग स्थानो से गिरफ्तार किया गया ।

घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी को न्यायालय ने सुनाया 06 माह का सश्रम कारावास

रीवा। थाना हनुमना का अप0क्र0 02/2012 के आरोपी अमृतलाल शुक्ला पिता लखपति शुक्ला उम्र 35 वर्ष, निवासी गढ़ा रघुवर थाना हनुमना, जिला रीवा म0प्र0 को फरियादी के साथ गाली-गलौज, मारपीट करने के अपराध का दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय-श्रीमती कीर्ति दुबे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील हनुमना, जिला रीवा ने भा0दं0सं0 की धारा 323, 452 के तहत प्रत्येक में 6-6 माह के सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी रीवा संतोष शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी थाना हनुमना में आकर इस आशय की रिपोर्ट किया कि घटना दिनांक 02.01.2012 को रात 8:30 बजे फरियादी उपेन्द्र शुक्ला अपने घर के अंदर था तभी अमृतलाल शुक्ला आया और मां-बहन की गंदी-गंदी गालिया देते हुए कहा कि मेरे खेत में वर्षा का पानी क्यो लगा दिया है यह कहकर आरोपी फरियादी को लाठी से मारने लगा जिससे फरियादी के कमर में चोट आयी एवं आरोपी द्वारा फरियादी के बाये हाथ की गदेली में काट लिया गया था जिससे आरोपी को बाये हाथ की गदेली में भी चोट आयी थी। हल्ला गोहार होने पर बीच-बचाव करने मनोज शुक्ला, राजपति शुक्ला, अनीता शुक्ला आये तब आरोपी फरियादी को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग गया। पुलिस द्वारा उक्त आरोपी के विरूद्ध विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।